दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...




● नई दिल्ली। गुरुवार 17 अक्टूबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 370 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

# जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने जारी किया विधानसभा उपचुनाव का कार्यक्रम

## 18 नवंबर से शुरू होगा नामांकन, 40 लाख रुपये है व्यय की लिमिट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** चुनाव आयोग ने गाजियाबाद विधानसभा सीट-56 पर होने वाले उपचुनाव को लेकर कार्यक्रम जारी कर दिया था। तो वहीं बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा निर्वाचन की अधिसूचना जारी करने की तिथि और निर्वाचन कार्यक्रम शुरू करने की तिथि की घोषणा की है। उन्होंने पत्रकारों को बताया है कि 18 अक्टूबर से निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नाम निर्देशन दाखिल करने का अंतिम दिन 25 अक्टूबर है। तो वहीं नाम निर्देशन की जांच 28 अक्टूबर तक होगी और नाम वापसी के लिए 30 अक्टूबर अंतिम तिथि रहेगी। वहीं मतदान 13 नवंबर को होगा और मतदान का परिणाम 23 नवंबर को जारी किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या व नाम 56 गाजियाबाद है। यहां रिटर्निंग ऑफिसर की भूमिका डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय नगर मजिस्ट्रेट गाजियाबाद द्वारा निभाई जाएगी। नामांकन स्थल इस बार कक्ष संख्या-127 न्यायालय अपर जिला अधिकारी नगर ग्राउंड फ्लोर कलैक्ट्रेट तय किया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि विधानसभा-56 गाजियाबाद में कुल 117 मतदान केंद्र हैं। जिसमें 506 मतदेय स्थल यानी बूथ अलॉट किए गए हैं। वहीं क्रिटिकल मतदेय स्थल की संख्या शून्य है। इसी के साथ चुनाव को शांतिपूर्वक और अधिकारियों की देखरेख में कराने के लिए चार जोनल मजिस्ट्रेट और 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी।



### 4 लाख, 61 हजार 360 वोटर्स चुनेंगे गाजियाबाद-56 का विधायक

करंट क्राइम : जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने जानकारी दी है कि गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र–56 में दिव्यांग मतदाताओं के रूप में 338 लोक चिन्हित किए गए हैं। तो वहीं सर्विस मतदाता 240 हैं। 85 वर्ष से अधिक की उम्र वाले मतदाताओं की संख्या 134 और 18 से 19 वर्ष के मतदाताओं का योग 5449 है। वहीं कुल मतदाताओं की संख्या चार लाख 61 हजार 360 है जबकि 2,54,017 पुरुष और 2,073, 14 महिला मतदाता शामिल हैं।

### डॉ संतोष उपाध्याय नगर मजिस्ट्रेट को बनाया गया है रिटर्निंग ऑफिसर

करंट क्राइम : गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र–56 में विधानसभा निर्वाचन के कार्य को सकुशल संपन्न कराने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में डॉ. संतोष उपाध्याय नगर मजिस्ट्रेट गाजियाबाद को रिटर्निंग ऑफिसर बनाया गया है। वहीं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में जिला समाज कल्याण अधिकारी विवेक कुमार मिश्रा, नायब तहसीलदार गाजियाबाद पियूष चंद्र राय, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गाजियाबाद और महिमा नगर शिक्षा अधिकारी विजयनगर जोन को जिम्मेदारी सौंपी गई है।




"लोग इस चुनाव में भी रुचि लें। जागरूकता के साथ मतदान करें। मतदान को अपना नैतिक कार्य मानते हुए एक जिम्मेदार नागरिक की तरह मतदान वाले दिन मताधिकार का प्रयोग करें।
-जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह

### 40 लाख रुपए व्यय करने की रहेगी सीमा

करंट क्राइम : जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने जानकारी दी है कि आचार संहिता लागू होने के बाद स्टेटिक सर्विलांस टीम तीन, फ्लाइंग स्क्वायड टीम तीन, वीडियो सर्विलांस और वीडियो व्यूयिंग टीम एक और सहायक में आब्जर्वर के रूप में एक अधिकारी को नियुक्त कर दिया गया है। वहीं निर्वाचन तिथि जारी होने के साथ ही जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। आदर्श आचार संहिता को प्रभावी रूप से लागू किए जाने के लिए और उसकी कार्रवाई पर नजर रखने के लिए अपर जिला अधिकारी नगर गंभीर सिंह को आदर्श आचार संहिता का नोडल नामित किया गया है। उन्होंने बताया है कि विधानसभा चुनाव में कोई भी प्रत्याशी केवल 40 लाख रुपए तक का व्यय कर सकता है। इसके लिए उसको खर्च का पूरा लेखा–जोखा सहायक व्यय ऑब्जर्वर को देना होगा। इसके साथ ही व्यय का लेखाजोखा आयोजन एवं रैली से लेकर रोड शो और अन्य कार्यक्रम आयोजित करेगा उसकी सूचना प्रशासन से लेनी होगी। बाकायदा उसके लिए अनुमति प्रदान की जाएगी। साथ ही जनसभा एवं अन्य आयोजन के लिए भी अनुमति अवश्य लेनी होगी।

### महिला और युवा बूथ कराएंगे स्पेशल फील

करंट क्राइम : जिला निर्वाचन अधिकारी गाजियाबाद–56 विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला और एक युवा बूथ की स्थापना की जाएगी। मतदान में स्टाफ महिला और युवा कर्मचारियों को नियुक्त किया जाएगा। साथ ही यहां सेल्फी प्वाइंट के साथ ही आरामदायक स्थान, रेड कारपेट, पानी पीने की व्यवस्था के साथ ही रोशनी सेल्फी प्वाइंट और अन्य प्रबंध किया जाएगा।

### रामलीला मैदान से रवाना होगी पोलिंग पार्टियां

करंट क्राइम : जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने जानकारी दी है कि गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र में उप निर्वाचन–2024 में जो मतदान पर्टियों की रवानगी होगी वह रामलीला मैदान कवि नगर से की जाएगी। इसके साथ ही मतगणना संबंधी कार्य नवीन मंडी स्थल हापुड़ रोड गोविंदपुरम गाजियाबाद में कराया जाएगा।

### जब जिला निर्वाचन अधिकारी ने समझाया वेडनेसडे का फैक्टर

करंट क्राइम : उपचुनाव में मतदान का प्रतिशत हमेशा से परेशानी का सबक रहा है। इस दौरान दैनिक करंट क्राइम के समाचार संपादक दीपक भाटी ने जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह से पूछा कि वेडनेसडे को मतदान है, ऐसे में प्रतिशत बढ़ाने को लेकर क्या प्रयास रहेगा। तो उन्होंने कहा कि बुधवार का दिन होने की वजह से यह एकहत्वपूर्ण दिन है। इस दिन कोई निजी और सरकारी क्षेत्र का अवकाश भी नहीं है, मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी प्रयास किए जाएंगे। साथ ही मीडिया से लेकर सोशल मीडिया का सहारा लिया जाएगा। उन्होंने कहा है कि अमूमन छुट्टी एक दिन पहले या बाद में होने पर लोग मतदान से थोड़ी दूरी बना लेते हैं लेकिन इस बार ऐसी स्थिति नहीं है। उन्होंने भरोसा जताया है कि इस बार मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा और लोग जागरुक होकर मतदान करेंगे।

### आधा दर्जन अधिकारियों पर है चुनावी जिम्मेदारी

करंट क्राइम : चुनाव एक बड़ी प्रक्रिया है और इसमें पुलिस–प्रशासन और अन्य विभागों के अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल मैनपॉवर मैनेजमेंट के प्रमुख रहेंगे। तो वहीं अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी के ही जिम्में ट्रेनिंग मैनेजमेंट का काम रहेगा। वहीं मैटेरियल मैनेजमेंट की जिम्मेदारी अपर जिला अधिकारी भू अभिलेख विवेक कुमार मिश्रा के कंधों पर सौंपी गई है। ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट का जिम्मा अपर जिलाधिकारी नगर गाजियाबाद गंभीर सिंह को सौंपा गया है। कंप्यूटराइजेशन, साइबर सिक्योरिटी और आईटी की जिम्मेदारी हरमीत कौर सहायक जिला सूचना विज्ञान अधिकारी गाजियाबाद को दी गई है। तो स्वीप की जिम्मेदारी खुद मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल संभालेंगे। लॉ एंड आर्डर, वॉलंटरी मैपिंग एंड सिक्योरिटी प्लानिंग अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह को दी गई है। तो वहीं ईवीएम मैनेजमेंट विवेक कुमार मिश्रा अपर जिलाधिकारी भू अभिलेख गाजियाबाद को बनाया गया है। एमसीसी की कमान अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह को सौंपी गई है। तो वहीं एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग का जिम्मा अपर जिलाधिकारी सौरभ भट्ट को बनाया गया है। वहीं बैलट पेपर और पोस्टल बैलट पेपर का जिम्मा अपर जिलाधिकारी अभिलेख विवेक कुमार मिश्रा पर रहेगा। मीडिया एवं पेड न्यूज और एमसीएम की जिम्मेदारी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सौरभ भट्ट के साथ ही कम्युनिकेशन प्लान का जिम्मा भी सौरभ भट्ट के पास ही रहेगा। वहीं इलैक्ट्रॉल रोल अपर जिलाधिकारी प्रशासन रणविजय सिंह और कंप्लेंट्स और वोटर हेल्पलाइन सौरभ भट्ट व ऑब्जर्वर की भूमिका अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह को दी गई है।

### जिलाधिकारी ने की वोटर्स से अपील, मतदान में लें रुचि

करंट क्राइम : जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने 56 गाजियाबाद विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप निर्वाचन 2024 को लेकर कहा है कि लोग इस चुनाव में भी रुचि लें। जागरूकता के साथ मतदान करें। मतदान को अपना नैतिक कार्य मानते हुए एक जिम्मेदार नागरिक की तरह मतदान वाले दिन मताधिकार का प्रयोग करें। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि आने वाले दिनों में मतदान के मद्देनजर प्रशासन आयोग से अनुमति लेकर निजी क्षेत्र में छुट्टी का भी प्रबंध करेगा। वैसे उन्होंने कहा है कि स्वीप अभियान के तहत विधानसभा–56 गाजियाबाद में होने वाले उपचुनाव निर्वाचन में मतदान को बढ़ाने के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम एलजीओ की मदद से आयोजित किए जाएंगे।

## भारतीय फिल्म निर्माता अंकुर गर्ग को मिला ऑर्डर ऑफ सिविल मैरिट सम्मान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय फिल्म निमार्ता अंकुर गर्ग ने फिल्म निमार्या के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन किया है। उन्हें ऑर्डर ऑफ सिविल मैरिट से सम्मानित किया गया है। गौरतलब है कि अंकुर गर्ग भारतीय फिल्म निमार्ताओं में अपनी एक विशिष्ठ पहचान रखते हैं। अंकुर गर्ग को उनकी सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्म ह्यतू झूठी मैं मक्कारह्व के लिये पुरस्कृत किया गया। इस फिल्म की शूटिंग स्पेन में हुई है और मलोका और बासीलोना में प्रमुख सीन फिल्माये गये हैं। अंकुर गर्ग फिल्म निर्माण के क्षेत्र में अपने डेडिकेशन के लिये जाने जाते हैं। वो अपने काम के प्रति पूरी तरह समर्पित रहते हैं और उन्हें उनके काम की वजह से जाना जाता है। अंकुर गर्ग ने अपनी फिल्म से भारत का नाम इंटरनेशनल पटल पर रोशन किया है।









# ललित जायसवाल बन गये हैं सामाजिक सांस्कृतिक इवेंट के बेताज बादशाह

## हिन्दी भवन से लेकर कविनगर रामलीला मेले तक छा गई उनकी थीम और टीम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कुछ लोग शहर की पहचान बनते हैं और वो अपने विजन के साथ ऐसे काम करते हैं कि शहर का नाम होता है। अगर बात इवेंट के सीजन में धार्मिक-सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों की जाए तो सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन, हिन्दी भवन समिति के अध्यक्ष और कविनगर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ललित जायसवाल धार्मिक और सामाजिक इवेंट के बेताज बादशाह बनकर सामने आए हैं। उनके इस सफर की सबसे खास बात ये है कि उनके विजन में हमेशा धर्म, संस्कृति, सामाजिक सरोकार, परोपकार और राष्ट्र सेवा सर्वोपरि रहती है। शहर को एक सुंदर सभागार दिया और थियेटर संस्कृति के वो आधुनिक जनक कहे जा सकते हैं। रामलीला का एक ऐसा स्वरूप वो लेकर आए हैं कि देश भर में गाजियाबाद की रामलीला का जिक्र होता है। इस बार रामलीला के मंचन का सबसे अनोखा स्वरूप था और इसकी लोकप्रियता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि मंचन देखने के लिये लोग आए और एक भी दिन एक भी कुर्सी खाली नहीं रही। इस बार सभी रिकॉर्ड टूट गए। ये नया मंचन लोगों को बेहद पसंद आया है। दिल्ली के कलाकारों ने रामलीला के मंचन में एक नई जान डाली।





### ललित जायसवाल की कप्तानी में काम करती है 70 लोगों की टीम

**करंट क्राइम :** ललित जायसवाल इवेंट के बेताज बादशाह बन गए हैं। खामोशी से अपना काम करते हैं और इस व्यवस्था को उनकी कप्तानी में एक पूरी टीम संभालती है। सभी सदस्यों को काम बांट दिये जाते हैं। सभी टीम मेंबर दिये गये काम को संभालते हैं। रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक 60 से 70 लोगों की टीम यहां काम संभालती है।

### 40 लाख से अधिक की आई भीड़ और बंद करने पड़े गेट

**करंट क्राइम :** आमतौर पर किसी भी आयोजन में भीड़ जुटाना एक चुनौती होती है। कई आयोजन ऐसे होते हैं जहां बाजार से लेकर मंच तक भीड़ जुटानी पड़ती है, लेकिन कविनगर रामलीला में व्यवस्था और भीड़ दोनों का ही मैनेजमेंट रहा। 18 दिन के इस आयोजन में 30 से 40 लाख की भीड़ आई है। रात्रि एक बजे से पहले कभी मेला ही समाप्त नहीं हुआ। दशहरे और रविवार वाले दिन तो इतनी भीड़ आई कि इसे काबू करने के लिये पुलिस प्रशासन को मेले के गेट बंद करने पड़े। बताया जाता है कि यहां केवल गाजियाबाद से ही नहीं बल्कि दिल्ली और आसपास के जनपदों से भी लोग आते हैं। ये वेस्ट यूपी की सबसे सफल और आकर्षक रामलीला मानी जाती है। मंचन से लेकर मेले तक एक भव्य स्वरूप दिखाई देता है।

### फूड स्टॉल से लेकर सुरक्षा के माहौल तक सब सेफ

**करंट क्राइम :** कविनगर की रामलीला एक विशिष्ठ रामलीला के रूप में अपनी एक पहचान बना चुकी है। यहां फूड स्टॉल से लेकर सुरक्षा के माहौल तक सब कुछ सेफ है। साफ–सफाई का विशेष ध्यान और खाने की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं। राम बाबू के पराठों से लेकर कूड़ेमल की कुल्फी का स्वाद यहां मिलता है। सैकड़ों व्यंजन आप यहां चख सकते हैं। सुरक्षा का ये आलम है कि अगर यहां बच्चे भी खोते हैं तो वो मिल जाते हैं। किसी प्रकार की घटना से निबटने के लिये चप्पे–चप्पे पर पुलिसकर्मी और रामलीला कमेटी के लोग मौजूद रहते हैं। इस बार वैसे भी सभी दुकानदानों के चेहरे खिले रहे हैं और उनपर इंद्रदेव की कृपा रही है।

### समाज का धन समाज के लिए होता है खर्च

**करंट क्राइम :** ये एक ऐसी रामलीला है जो भव्य भी है और संस्कृति वाला सम्मान भी लिए हुए है। ये दिल्ली के बाद दूसरी बड़ी रामलीला मानी जाती है। यहां की आमदनी को लेकर ये बताया जाता है कि इस रामलीला का स्वरूप बिल्कुल भी कॉमर्शियल नहीं है। यहां अगर वैरायटी है तो यहां चैरिटी भी है। समाज का धन समाज के कार्यों में खर्च होता है। राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ यहां काम होता है और कई ऐसे मौके आए हैं जब राष्ट्र पर आपदा आई है तो कविनगर रामलीला कमेटी ने अपना दिल खोला है, खजाना खोला है। कोरोना काल में यही कमेटी थी जो संपूर्ण सेवाभाव के साथ काम कर रही थी।

# पूर्व सीएम के संदेश को घर-घर पहुंचाएगी आप, जन संपर्क अभियान की शुरूआत

**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं आज से जन संपर्क अभियान शुरू कर रहा हूं। मैंने दिल्ली के मतदाताओं के नाम एक पत्र लिखा है जिसमें बताया गया है कि मैंने दिल्ली के सीएम पद से इस्तीफा क्यों दिया। आप कार्यकर्ता इसे 29 अक्टूबर तक दिल्ली के हर दरवाजे तक पहुंचाएंगे। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी मुख्यालय में 'जन संपर्क अभियान' की शुरूआत की। आम आदमी पार्टी पूरी दिल्ली में जनसंपर्क अभियान चलाएगी। अरविंद केजरीवाल ने जनता के नाम पत्र लिखा है। अरविंद केजरीवाल के लिखे संदेश को आप कार्यकर्ता घर-घर तक पहुंचाएंगे। आप कार्यालय पर संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा मैं आज से जन संपर्क अभियान शुरू कर रहा हूं। मैंने दिल्ली के मतदाताओं के नाम एक पत्र लिखा है जिसमें बताया गया है कि मैंने दिल्ली के सीएम पद से इस्तीफा क्यों दिया। आप कार्यकर्ता इसे 29 अक्टूबर तक दिल्ली के हर दरवाजे तक पहुंचाएंगे। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा वालों को मेरे कामों से इतना डर है कि इन्होंने जेल में हर संभव प्रयास किए कि मैं सही सलामत बाहर ना आ सकूं। मेरी दवाएं बंद करवा दी लेकिन ये अपनी साजिश में नाकाम हुए। अब इन्होंने प्लान बनाया है कि किसी भी तरह दिल्ली की सत्ता पर कब्जा किया जाए। जिससे यह आपके काम रोक सकें। अगर आपने आने वाले चुनाव में वोट देकर इन्हें जिता दिया तो ये आपकी मुफ़्त बिजली, पानी, मोहल्ला क्लिनिक, मुफ़्त इलाज और महिलाओं की मुफ़्त बस यात्रा जैसी जनहितकारी योजनाएं बंद करा देंगे। दिल्ली के पूर्व सीएम ने कहा कि हम सब आपके लिये जेल गये। अगर मैं दिल्लीवालों के लिए काम नहीं करता तो बीजेपी वाले मुझे जेल नहीं भेजते। अगर मनीष सिसोदिया बच्चों की शिक्षा के लिए अच्छे स्कूल नहीं बनाते तो उन्हें जेल नहीं जाना पड़ता। अगर सत्येंद्र जैन मोहल्ला क्लिनिक और दिल्ली में सरकारी अस्पतालों को बेहतरीन नहीं बनाते तो उन्हें जेल नहीं जाना पड़ता।



### 'पत्र के जरिए लोगों के सवालों का जवाब देंगे केजरीवाल'

आप सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि अरविंद केजरीवाल खुद कई बार लोगों को इस सवाल का जवाब दे चुके हैं कि भाजपा सरकार ने उन्हें क्यों गिरफ्तार करवाया? लेकिन यह जवाब आम लोगों तक पहुंचे, इसके लिए आप उनका एक पत्र लोगों तक लेकर जाएगी। भाजपा की 22 राज्यों में सरकार है, वहां के लोग भाजपा से सवाल पूछ रहे हैं कि अगर दिल्ली में मुफ्त बिजली-इलाज मिल सकता है, स्कूल-अस्पताल शानदार हो सकते हैं तो हमारे राज्यों में क्यों नहीं हो सकते? इसलिए दिल्ली के अच्छे काम बाकी राज्यों में ना पहुंचे इसके लिए भाजपा ने सोचा कि केजरीवाल को गिरफ्तार करके उनके सारे कार्यों को रोका जाए। इस पत्र के जरिए अरविंद केजरीवाल लोगों के सवालों का जवाब देंगे।

# जम्मू-कश्मीर : उमर अब्दुल्ला ने ली सीएम पद की शपथ, पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) नेता उमर अब्दुल्ला को जम्मू-कश्मीर का नया मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि केंद्र जम्मू-कश्मीर की प्रगति के लिए उनके और उनकी टीम के साथ मिलकर काम करेगा। पीएम मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर उमर अब्दुल्ला जी को बधाई। लोगों की सेवा के उनके प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं। केंद्र जम्मू-कश्मीर की प्रगति के लिए उनके और उनकी टीम के साथ मिलकर काम करेगा।"



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी उमर अब्दुल्ला को जम्मू-कश्मीर का सीएम बनने पर बधाई दी। उन्होंने एक्स पोस्ट पर लिखा, "जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर उमर अब्दुल्ला को बधाई। मुझे उम्मीद है कि राज्य में शासन की गति आगे बढ़ती रहेगी और उनकी सरकार लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में सक्षम होगी। एक सफल कार्यकाल के लिए मेरी शुभकामनाएं।" जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद उमर अब्दुल्ला ने सीएम पद की शपथ ली। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उमर अब्दुल्ला के अलावा सुरेंद्र चौधरी ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। साथ ही सकीना इट्ठू, जावेद राणा, जावेद डार और सतीश शर्मा ने मंत्री पद की शपथ ली। श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (एसकेआईसीसी) में हुए शपथ ग्रहण कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, केसी वेणुगोपाल, सुप्रिया सुले, समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव समेत इंडिया ब्लॉक के कई नेता शामिल हुए।

केंद्र शासित प्रदेश में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हुए हैं। कांग्रेस पार्टी ने उमर अब्दुल्ला की सरकार को बाहर से समर्थन देने का फैसला किया है। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के नतीजे की बात करें तो, नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) को 42 और कांग्रेस को 6 सीटों पर जीत मिली। वहीं, भारतीय जनता पार्टी के खाते में 28 सीटें आईं।

## न्यूज डायरी

# विधानसभा चुनाव में महतो-मांझी लिखेंगे राज्य की तकदीर

**झारखण्ड।** साल 2000 के अंत में अस्तित्व में आए इस राज्य में राजनीतिक दलों का फैसला डबल एम यानी महतो (कुर्मी) और मांझी (आदिवासी) करता आया है। इन दोनों बिरादरी की राज्य की आबादी में हिस्सेदारी 50 फीसदी से अधिक है। दोनों ही बिरादरी करीब 80 फीसदी सीटों पर उम्मीदवारों की हार और जीत का फैसला करती हैं। चंद महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में झारखंड में विपक्षी इंडिया गठबंधन से दस फीसदी अधिक वोट हासिल करने के बावजूद भाजपा को राज्य की सभी पांच सुरक्षित सीटें गंवानी पड़ी थीं। वजह थी भ्रष्टाचार के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद आदिवासी वर्ग में स्वजातीय नेता के प्रति उपजी सहानुभूति। अब विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के सामने आदिवासी वर्ग में अपनी खोई साख वापस पाने की चुनौती है, तो हेमंत सोरेन के सामने सहानुभूति लहर को कायम रखने की। साल 2000 के अंत में अस्तित्व में आए इस राज्य में राजनीतिक दलों का फैसला डबल एम यानी महतो (कुर्मी) और मांझी (आदिवासी) करता आया है। इन दोनों बिरादरी की राज्य की आबादी में हिस्सेदारी 50 फीसदी से अधिक है। दोनों ही बिरादरी करीब 80 फीसदी सीटों पर उम्मीदवारों की हार और जीत का फैसला करती है। यही कारण है कि राज्य में दोनों गठबंधनों की रणनीति के केंद्र में यही दो बिरादरी हैं।



बीते विधानसभा चुनाव में मिली हार और लोकसभा चुनाव में छिटके आदिवासी वोट बैंक से सबक लेकर भाजपा ने कई भूल सुधार किए हैं। आदिवासी बहुल राज्य में गैरआदिवासी रघुवर दास को सीएम बनाने और आजसू से परे अपने दम पर चुनाव लड़ने से हुए सियासी नुकसान के बाद पार्टी ने आदिवासी नेतृत्व को आगे बढ़ाने के साथ आजसू से फिर गठबंधन किया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के आदिवासी वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए सोरेन परिवार की बहू सीता सोरेन के बाद हेमंत के करीबी चंपई सोरेन को पार्टी में शामिल किया है। पार्टी की योजना ओबीसी वोट बैंक पर पकड़ बनाए रखने के लिए जदयू से भी तालमेल करने की है। पार्टी ने इस दौरान परिवर्तन यात्राओं के जरिये माहौल को अपने पक्ष में करने की कोशिश की है।

### इंडिया गठबंधन को हेमंत से करिश्मे की आस

झामुमो की अगुवाई वाले सत्तारूढ़ गठबंधन की आस सीएम हेमंत सोरेन के करिश्मे पर टिकी है...जमानत पर बाहर आने के बाद फिर से सरकार की बागडोर संभालते ही हेमंत ने स्वजातीय वोट बैंक को साधने के लिए कई पहल की है। भाजपा ने ओबीसी वोट बैंक को साधने और झामुमो के आदिवासी वोट बैंक में सेंध लगाने की रणनीति बनाई है। वहीं, झामुमो की रणनीति आदिवासी वोट बैंक को साधे रखने के साथ ही भाजपा के ओबीसी वोट बैंक में सेंध लगाने की है। पार्टी को लगता है कि इसमें कांग्रेस और राजद मददगार साबित होंगे।

### आदिवासी इलाकों की जनसांख्यिकी में बदलाव बड़ा मुद्दा

भाजपा ने घुसपैठ से आदिवासी इलाकों की जनसांख्यिकी में आए बदलाव और भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाया है। वहीं, झामुमो के नेतृत्व में सत्तारूढ़ गठबंधन आदिवासी स्वाभिमान को मुद्दा बनाने की कोशिश में है। हालिया लोकसभा चुनाव में भाजपा को गठबंधन के मुकाबले दस फीसदी अधिक वोट मिले थे। हालांकि 2019 के मुकाबले छह फीसदी अधिक वोट हासिल कर गठबंधन पांच सीटें जीतने में कामयाब रहा था।

# आईएमएस में वार्षिक कार्यक्रम इन्वेन्ट -2024 का आयोजन किया



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** आई.एम.एस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस गाजियाबाद में स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस द्वारा इण्टर इंस्टीटूशनल वार्षिक कार्यक्रम इन्वेन्ट - 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आईएमएस संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह एवं विभागाध्यक्ष डॉ. गगन वार्ष्णेय द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ कुशल पाठक, जॉइंट सेक्रेट्री और शुभम डांग, सीनियर प्रोडक्ट मैनेजर, माइक्रोसॉफ्ट, कुशल पाठक और शुभम डेंग ने छात्रों को आज के समय के अनुरूप ढलने पर जोर दिया और डिजिटल युग के महत्त्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में चार प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लाइंड कोडिंग, टेक क्विज, बैटल प्ले एवं डिजी रंग प्रमुखतः रहे। इस प्रतियोगिता में संस्थान के अलावा दिल्ली एनसीआर के अन्य स्कूल एवं कॉलेज के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। स्कूल एवं कॉलेजों से लगभग 550 छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में पंजीकरण कराया एवं भाग लिया। इनके अलावा 68 से अधिक स्कूल एवं कॉलेजों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। ब्लाइंड कोडिंग में छात्र छात्राओं को अपने प्रोग्रामिंग के कौशल को दिखाना था। जबकि डिजी रंग में, दी गयी थीम पर एक रंगोली की रचना करनी थी। आईटी क्विज में 2 राउंड रखे गए जिसमें आईटी से संबंधित प्रश्नों के आधार पर ज्ञान परीक्षण किया गया। बैटल प्ले में छात्र छात्राओं को दिए गए गेम में जीतना था। ब्लाइंड कोडिंग में प्रथम स्थान पर रयान इंटरनेशनल स्कूल के लक्ष्य गुप्ता रहे, टेक क्विज में प्रथम स्थान पर रहे इन्मेंटेक कॉलेज से विशाल और डिजी रंग में प्रथम स्थान रहा आई.एम.एस गाजियाबाद के अनुष्का, फरहान और सिम्पी इसके अलावा बैटल प्ले (फ्री फायर) में प्रथम स्थान पर रहे अमन एंड टीम एंड बैटल प्ले में प्रथम स्थान पर रहे। कार्यक्रम के अंत में विजित छात्र / छात्राओं को नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रो. पूर्णिमा गुप्ता द्वारा उपस्थित जनों का धन्यवाद कर किया गया।



# एचआरआईटी विश्वविद्यालय के प्रमुख शिक्षाविद हुए सम्मानित

## एन आइ सी एस द्वारा आयोजित कैरियर एक्सपर्ट मीट एवं प्रशंसा पत्र वितरण समारोह



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय कैरियर सेवा के मॉडल कैरियर सेंटर में कैरीयर एक्सपर्ट मीट एवं प्रशंसा पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें एचआरआईटी विश्वविद्यालय के प्रमुख शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में एचआरआईटी विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर डॉ. एन. के. शर्मा और एक्टिविटीज हेड प्रो रंजना शर्मा को नए और उभरते जॉब रोल्स पर वेबिनार देने के लिए प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया।



इस वेबिनार में एचआरआईटी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. अनिल अग्रवाल और प्रो-चांसलर डॉ. अंजुल अग्रवाल के समर्थन से विश्वविद्यालय की भागीदारी सुनिश्चित हुई। एनआईसीएस की निदेशक लता गौतम की पहल पर यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें अजय गौतम और उनकी टीम ने आयोजन का कुशल समन्वय किया।

# बिहार में जहरीली शराब पीने से पांच लोगों की मौत

**पटना।** बिहार के सीवान और सारण जिलों में जहरीली शराब पीने से पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य अस्पताल में भर्ती हैं। सीवान के जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया कि मंगलवार शाम कौड़िया वैसी टोला गांव में उल्टी, सिरदर्द और पेट दर्द जैसे लक्षणों के साथ लोगों को इलाज के लिए भगवानपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। गुप्ता ने कहा, जब उनकी हालत पहले से और ज्यादा बिगड़ गई तो उन्हें सीवान के सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां से कुछ को बेहतर इलाज के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) रेफर कर दिया गया। गुप्ता ने बताया, रइलाज के दौरान चार लोगों की मौत हो गई तथा सात अन्य लोगों का इलाज सदर अस्पताल सीवान और पीएमसीएच पटना में चल रहा है। मृतकों की पहचान कौड़िया वैसी टोला के अरविंद सिंह (40) और रामेंद्र सिंह (30), माधव पोखरा गांव के संतोष साहनी (35) और मुन्ना (32) के रूप में हुई है। वहीं, इस घटना को लेकर ग्रामीणों का दावा है कि मृतकों की संख्या जिला प्रशासन द्वारा पुष्टि की गई संख्या से अधिक है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पीड़ितों ने मंगलवार शाम को जहरीली शराब पी थी और रात 9 बजे के आसपास लक्षण दिखने लगे। जहां एक तरफ पीड़ितों के परिवार यह दावा कर रहे हैं कि यह सारी मौत जहरीली शराब पीने से हुई है। वहीं, जिला मजिस्ट्रेट गुप्ता ने जोर देकर कहा कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।



# बेसमैंट में छात्रों की मौत मामले में छह के खिलाफ आरोप पत्र

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने ओल्ड राजिंदर नगर के आईएएस स्टडी सर्कल में छात्रों की मौत मामले में सीईओ अभिषेक गुप्ता, देशपाल सिंह, 4 सह-मालिकों सरबजीत सिंह, परविंदर सिंह, तेजिंदर सिंह और हरविंदर सिंह के खिलाफ चार्जशीट दायर की है। उन पर आपराधिक साजिश और गैर इरादतन हत्या से संबंधित धाराओं के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया है। वहीं मृत छात्र नवीन डेल्विन के पिता ने दलील दी कि सीबीआई ने वर्तमान आरोपी या किसी लोक सेवक से जुड़े भ्रष्टाचार के पहलुओं की जांच नहीं की है। फिलहाल अदालत ने आरोपपत्र पर सुनवाई 29 अक्तूबर तय की है।




राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) निशांत गर्ग के समक्ष आरोपपत्र दायर किया गया है। सुनवाई के दौरान मृत छात्र डेल्विन के पिता ने तर्क रखा कि आरोप पत्र अधूरा है और अदालत इसे स्वीकार नहीं कर सकती। उन्होंने आगे तर्क दिया कि मंजूरी-निर्माण योजना आरोप पत्र में नहीं है। उन्होंने कहा, सीबीआई ने आरएयू के आईएएस स्टडी सर्कल के अन्य भागीदारों यानी अभिषेक गुप्ता की पत्नी और उनके ससुर से भी पूछताछ नहीं की है। उन्होंने यह भी तर्क दिया कि अदालत की टिप्पणी के अनुसार अग्नि एनओसी प्राप्त करने में अवैधता थी। दूसरी तरफ सीबीआई की ओर से पेश वरिष्ठ लोक अभियोजक ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच खुली है। अगर इस पहलू पर कुछ आता है तो हम इसकी जांच की जाएगी। सीबीआई ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सामग्री है। अदालत के सवाल पर सीबीआई ने कहा कि अभिषेक गुप्ता द्वारा लीज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए थे। 9 अगस्त, 2021 को जारी अधिभोग प्रमाण पत्र के अनुसार बेसमेंट व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए नहीं था। स्टोर और पार्किंग के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

आरोपी 28 दिसंबर 2021 को इस बेसमेंट का मालिक बन गया। पहले नीलम रानी मालिक थी और उसने ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट के लिए आवेदन किया था। सीबीआई अभियोजक ने कहा कि आरोपियों को पूरी जानकारी है कि बेसमेंट से व्यावसायिक गतिविधियां नहीं की जा सकती हैं। घटना से एक महीने पहले स्थानीय निवासी और छात्र किशोर कुशवाह ने एमसीडी में शिकायत दर्ज कराई थी कि बेसमेंट में पानी भर सकता है।

# नायब सैनी के हाथों में ही रहेगी प्रदेश की कमान

## सरकार बनाने का दावा पेश किया

**चंडीगढ।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीटें जीतकर ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। नायब सैनी को सीएम प्रोजेक्ट कर भाजपा ने ये चुनाव लड़ा था। खुद पीएम नरेंद्र मोदी उन्हें सीएम बता चुके थे। हरियाणा के नए सीएम नायब सैनी होंगे। पंचकूला स्थित भाजपा दफ्तर में भाजपा विधायक दल की बैठक में उन्हें सर्वसम्मति से चुन लिया गया। भाजपा के पर्यवेक्षक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव बैठक में मौजूद रहे। विधायक दल की बैठक में अनिल विज और कृष्ण बेदी ने सैनी का नाम रखा था। सैनी गुरुवार को पंचकूला में शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। बैठक के बाद सीएम नायब सैनी राज्यपाल से मिलने पहुंचे और सरकार बनाने का दावा पेश किया। शाह ने कहा कि बैठक में एक ही प्रस्ताव मिला जो नायब सिंह सैनी के नाम का था। मैं उनका नाम घोषित करता हूं। नायब सैनी को बहुत बहुत बधाई देता हूं। वहीं मुख्यमंत्री सैनी ने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही 24 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी।



गृहमंत्री अमित शाह रात को चंडीगढ़ के ललित होटल में रुकेंगे। गुरुवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद पीएम नरेंद्र मोदी हरियाणा राजभवन में मीटिंग लेंगे। भाजपा ने अपने सभी 48 विधायकों को अगले दो दिन चंडीगढ़ में ही रहने के निर्देश जारी किए हैं। होटल ललित और हरियाणा राजभवन सेक्टर-6 में काफी संख्या में पुलिस फोर्स को तैनात किया गया है। वहीं होटल हयात में छह राज्यों के मुख्यमंत्रियों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। इनमें बिहार, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, नगालैंड और पुडुचेरी के सीएम शामिल हैं। इसलिए आना पड़ा अमित शाह को बीते मार्च में मनोहर लाल को हटाकर विधायक दल की बैठक में जब नायब सिंह सैनी का नाम रखा गया तो अनिल विज नाराज हो गए थे। वह बैठक से बाहर निकल गए थे। चुनाव से पहले अनिल विज मुख्यमंत्री की दावेदारी जता चुके हैं। वहीं, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत भी समय-समय पर दावेदारी जताते रहे हैं। लिहाजा इस तरह के विवादों से बचने के लिए शाह को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले 2022 में शाह यूपी में केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर भाजपा विधायक दल की बैठक में शामिल हुए थे और योगी के नाम पर मुहर लगाई गई थी।

### नेता चुनने के बाद सरकार बनाने का दावा पेश होगा

विधायक दल की बैठक में नेता के नाम पर मुहर लगने के बाद राज्यपाल के पास सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा। इसके साथ ही राज्यपाल को अगले दिन शपथ ग्रहण करने वाले मंत्रियों की सूची सौंपी जाएगी। उसके बाद राज्यपाल विधायक दल के नेता और मंत्रियों को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित करेंगे। नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 17 अक्तूबर को पंचकूला के दशहरा ग्राउंड में होगा।

### समारोह में पीएम समेत 37 लोग विशेष अतिथि होंगे

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने बताया, समारोह में पीएम मोदी समेत 37 विशेष अतिथि होंगे। इनमें केंद्रीय मंत्री, एनडीए घटक दल के राष्ट्रीय नेता, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री शामिल हैं। हम लोग सभी के संपर्क में हैं और सौ फीसदी हाजिरी पूरी होगी। उन्होंने बताया 17 को करीब 11 बजे कार्यक्रम शुरू होगा और लगभग एक बजे तक समारोह संपन्न हो जाएगा। उधर, शपथ ग्रहण समारोह को सफल बनाने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े की अध्यक्षता में चंडीगढ़ के हरियाणा निवास पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम नायब सिंह सैनी समेत प्रदेश के बड़े पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बीएसएफ ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर 2.75 किलो सोना जब्त किया, तीन किसान गिरफ्तार

**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा (आईबीबी) के पास साइकिलों के फ्रेम में छिपाए गए 2.75 किलोग्राम सोने को जब्त कर तीन किसानों को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के डीआईजी एवं प्रवक्ता नीलोत्पल कुमार पांडे ने बताया कि सोने की कीमत करीब 1.98 करोड़ रुपये है। उन्होंने कहा, इंडिया वन सीमा चौकी पर तैनात 73 बटालियन बीएसएफ के जवानों को साइकिल के फ्रेम के अंदर सीमा पार से सोने की तस्करी के प्रयास के संबंध में खुफिया सूचना मिली थी।



डीआईजी पांडे ने बताया, सूचना के आधार पर जवानों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास अपने खेतों से काम करके लौट रहे आरोपी किसानों की तलाशी लेनी शुरू कर दी। उनकी साइकिलों की भी तलाशी ली गई। आखिरकार, तीन किसानों की साइकिलों के फ्रेम में 15 सोने के बिस्किट और 8 सोने के टुकड़े मिले। तीनों को तुरंत हिरासत में ले लिया गया। इसके बाद किसानों को इंडिया वन बीओपी लगाया गया, जहां उन्होंने कबूल किया कि उन्हें बांग्लादेश के राजशाही जिले के बुधपारा गांव में एक अज्ञात व्यक्ति से 23 सोने के टुकड़े मिले थे। डीआईजी ने कहा, उन्होंने एक साइकिल के फ्रेम में 12 सोने के टुकड़े और बाकी को दूसरी साइकिल में छिपा दिया। तीनों किसानों को बीएसएफ की डोमिनेशन लाइन पार करने और शाम 7 बजे शेखपारा इलाके में आने वाले बस कंडक्टर का इंतजार करने के लिए कहा गया था। एक बार खेप सौंप दिए जाने पर, किसानों को सोने के हर टुकड़े के लिए 500 रुपये मिलते। हमारे सतर्क सैनिकों ने इस कोशिश को नाकाम कर दिया। उन्होंने बताया कि किसानों और सोने को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया गया है। डीआईजी ने जवानों की सराहना की। साथ ही सीमावर्ती निवासियों से सीमा पार से सोने की तस्करी के प्रयासों में बीएसएफ की मदद करने का आग्रह किया। डीआईजी ने कहा, सोने की तस्करी से संबंधित कोई भी जानकारी बीएसएफ के हेल्पलाइन 14419 या व्हाट्सएप नंबर 9903472227 पर संदेश के जरिए साझा की जा सकती है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 17 अक्टूबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# विदेश की धरती से लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने की करंट क्राइम से बात

## भोजन से लेकर विदेश यात्रा के उद्देश्यों पर खुलकर रखें मन के जज्बात








**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद से लोकसभा सांसद अतुल गर्ग इन दिनों राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के साथ तीन देशों की आधिकारिक यात्रा पर हैं। गाजियाबाद के सांसद भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। ये गाजियाबाद के लिये गौरव की बात है। हमारे सांसद यहां कैसे रह रहे हैं, किन मुद्दों बातचीत कर रहे हैं और वो अपने देश से दूर कैसा महसूस कर रहे हैं ये जानने के लिये करंट क्राइम ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से बात की। अतुल गर्ग वीडियो कॉल पर कनेक्ट हुए और उन्होंने कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि जिस समय ये बात हो रही है उस समय यहां दोपहर के पौने तीन बजे हैं और गाजियाबाद में रात के आठ बजे हैं। अतुल गर्ग ने बताया कि वो इस समय रेगिस्तान में स्थित माटेरिया देश में हैं। इस देश की आबादी 40 लाख है। उन्होंने बताया कि जहां वो रुके हैं वो भारतीय परिवेश के अनुसार लोकनिर्माण विभाग के डाक बंगले जैसा माना जा सकता है और चार बजे उनकी इस देश के राष्ट्रपति के साथ बैठक है।

### विदेश में भी खाया अतुल गर्ग ने यूपी के रेस्टोरेंट का खाना

**करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग शुद्ध शाकाहारी हैं और वो विदेश में भी अपने खानपान में इस बात का विशेष ध्यान रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि मटेरिया में एक ऐसा रेस्टोरेंट मिला जो भारत के उत्तर प्रदेश में रहने वाले एक व्यक्ति का है। हमारा खाना वहीं से बनकर आया और हमने वही खाना खाया है। उन्होंने बताया कि अल्जीरिया देश में यहां की तरह चावल और रोटी नहीं होती। वहां का मुख्य भोजन खुशखुश है। जिसे आप चाहे तो दही और शहद के साथ मीठे के रूप मे ले सकते हैं और नमकीन चाहिए तो टमाटर का सोरवा बना देते हैं और ये सूप नुमा हो जाता है। अतुल गर्ग ने बताया कि ये शाही भोज है और इसमें लगभग डेढ घंटा लगता है। क्योंकि पहले एक डिश आती है फिर दूसरी, फिर तीसरी, फिर चौथी और आपको सभी डिश खानी है। ये यहां की खानपान संस्कृतिक है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद अंतर्राष्ट्रीय धरती पर बढ़ा है देश का सम्मान

**करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग विदेश यात्रा हैं और वो एक कारोबारी भी हैं। बिजनेस की पकड़ रखते हैं और उन्होंने बताया कि हम जिन देशों में अब आए हैं हमें पहले आना चाहिए था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से हिंदुस्तान जागा है। जिन देशों के व्यापार पर चीन का कब्जा था अब वहां भारत की दखल है। हम हर उस देश से अपने बिजनेस संबंध बना रहे हैं जहां भारत को लाभ हो सकता है। अल्जीरिया अफ्रीका का सबसे बड़ा देश है। जहां व्यापार की संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत का संदेश हमेशा से वसुधैव कुटुम्बकम का रहा है और हमारा प्रयास विदेशी धरती पर व्यापार की संभावनाओं को बढ़ाने का है।



### विदेश यात्राओं से विश्व में बनती है देश के प्रति अच्छी जनधारणा

**करंट क्राइम।** अतुल गर्ग विदेश में हैं और उन्होंने करंट क्राइम से बातचीत की। उन्होंने कहा कि इस तरह की यात्राओं का फायदा ये है कि आपके देश के लिये एक अच्छी जनधारणा बनती है। उन्होंने कहा कि हम लोग यहां आए हैं और ये देखकर खुशी हुई कि कई हजार झंडे यहां भारत के लगे हैं। यहां अधिकांश दवाइयां भारत से आती है। यहां व्यापार विकसित हो सकता है। अतुल गर्ग ने कहा कि सबसे खास बात ये है कि अगर आप भारतीय हैं तो यहां के लोग आपके साथ फोटो खिंचवाएंगे।



### विदेश की धरती से की लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने करंट क्राइम से बात



**मैंने कर दी है दिल्ली का प्रभारी बनते ही शुरू अपनी तैयारी**

अतुल गर्ग ने दिल्ली प्रदेश का सहप्रभारी बनने पर कहा कि मैंने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। मैंने दिल्ली के लोगों से बातचीत शुरू कर दी है और पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाउंगा।

### 'जिसे भी पार्टी टिकट देगी उसी को मेरी शुभकामनाएं हैं'

**करंट क्राइम।** अतुल गर्ग गाजियाबाद के स्थानीय शहरी हैं और लगातार विधायक रहे हैं। अब सांसद हैं। उनकी छोड़ी सीट पर चुनाव हो रहा है। विदेश मे भी वो अपने देश का अपने शहर को नहीं भूले। चुनाव की बात की और कहा कि भाजपा में जनसंपर्क का काम पूरे पांच साल चौबीस घंटे चलता है। लोग भाजपा के साथ हैं। उन्होंने कहा कि यहां भाजपा का टिकट जीत की गारंटी है। खुद मैं भी इसलिए जीता हूं क्योंकि मुझे भाजपा से टिकट मिला था। उन्होंने कहा कि शहर सीट भाजपा की थी है और रहेगी। ये सीट मेरी ना थी ना है और ना रहेगी। हम सब केवल इसलिए जीते हैं क्योंकि हमें भाजपा ने टिकट दिया था। चुनाव को लेकर अपने पैनल के नाम पर उन्होंने कहा कि मैं एक कार्यकर्ता हूं और ये काम संगठन का है। हमारा काम पार्टी हित में काम करना है, जिसे टिकट मिलेगा हम उसी के साथ हैं। पसंद के नाम पर अतुल गर्ग ने कहा कि अगर शीर्ष संगठन हमसे सलाह करता तो हम नाम देते। अभी तक सलाह नहीं मांगी गई है। उन्होंने कहा कि ये सीट भाजपा की है और यहां भाजपा के हर कार्यकर्ता की प्रतिष्ठा जुड़ी है। मैं व्यक्ति ही नहीं पार्टी प्लेटफार्म पर बात करता हूं और जिसे भी पार्टी टिकट देगी उसी को मेरी शुभकामनाएं हैं।

### हमारा उद्देश्य है वैश्विक संबंध सुधार और बढ़े भारत का व्यापार

**करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य उन देशों से अपने संबंध सुधारना है जहां से व्यापार की संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि हम अल्जीरिया में थे जहां गैस, फास्फोरस, सोना है। खाद के दानों का मटीरियल है। अल्जीरिया के बाद अन्य देशों में भी व्यापार सुधारने के लिये बात हो रही है।

# ट्रिपल लेयर में रहेगी नामांकन स्थल की सुरक्षा मेन गेट से नहीं बैक गेट से मिलेगी एंट्री

## विधानसभा-56 उपचुनाव के नोडल अधिकारी बनाए गए एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विधानसभा सीट-56 पर उपचुनाव होना है। उपचुनाव को लेकर नामांकन से लेकर नाम वापसी और मतदान से लेकर मतगणना वाला कार्यक्रम जारी हो गया है। बुधवार को डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार, एडीसीपी ट्रैफिक व पुलिस के लिहाज से चुनाव के नोडल प्रभारी की जिम्मेदारी संभालने वाले पीयूष कुमार सिंह, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन के साथ ही कवि नगर थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक ने पुलिस बल के साथ नामांकन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान किन स्थानों पर बैरिकेडिंग की जानी है और किस रास्ते से नामांकन भरने के लिए प्रत्याशी जाएंगे, इस पर भी मंथन किया गया है।

वहीं जानकारी मिली है कि इस बार नामांकन प्रक्रिया के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और उनके एजेंट जिलाधिकारी कार्यालय के मुख्य गेट से ना जाकर उनको अपर जिला अधिकारी नगर कक्ष मार्ग से एंट्री दी जाएगी। यह फैसला सुरक्षा और आचार संहिता नियमावली के अनुसार किया गया बताया जा रहा है। वहीं बुधवार को पुलिस के आलाधिकारियों ने यहां का निरीक्षण कर 18 अक्टूबर से शुरू होने वाली नामांकन प्रक्रिया की तैयारियों का अंतिम रूप देने का काम शुरू कर दिया है।

### बुधवार को डीसीपी सिटी ने पुलिस बल के साथ किया नामांकन स्थल का निरीक्षण





### पीयूष कुमार सिंह बनाए गए उपचुनाव के नोडल अधिकारी



**करंट क्राइम।** लोकसभा चुनाव को जहां शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए नोडल अधिकारी एडीसीपी क्राइम रहे सच्चिदानंद को बनाया गया था। तो वहीं विधानसभा उपचुनाव विधानसभा सीट-56 के लिए एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष कुमार सिंह को पुलिस की ओर से चुनाव का नोडल प्रभारी बनाया गया है। नोडल प्रभारी के नाते उन्होंने बुधवार को जिला मुख्यालय और नामांकन कक्ष व मार्ग का निरीक्षण किया है। इसके साथ ही आने वाले दिनों में वह गोविंदपुरम अनाज मंडी व कवि नगर रामलीला मैदान का निरीक्षण भी करेंगे। उन्होंने कहा है कि आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस नियमानुसार कार्रवाई करेगी। साथ ही चुनाव आयोग के सभी निदेर्शों का पालन भी किया जाएगा।

### नामांकन स्थल की सुरक्षा रहेगी ट्रिपल लेयर, पुलिस बल की रहेगी तैनाती

**करंट क्राइम।** डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने कहा है कि नामांकन प्रक्रिया 18 अक्टूबर से शुरू हो रही है। इसके लिए सुरक्षा का ट्रिपल लेयर घेरा रहेगा। यहां पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और थाना पुलिस के साथ ही पीएसी के जवानों को भी तैनात किया जाएगा। किसी को भी बिना जांच और पास के अनुमति नहीं दी जाएगी। नामांकन प्रक्रिया के दौरान किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसके लिए दो पार्किंग स्थल बनाए जाएंगे ताकि सड़क पर वाहनों का दबाव न बढ़े और जाम की स्थिति पैदा ना हो। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्वक नामांकन प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया जाएगा।



# क्रॉसिंग रिपब्लिक में मेड बना रही थी यूरिन वाली रोटी, सीसीटीवी से खुला हैरान करने वाला सच

## पुलिस ने घरेलू सहायिका को किया गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र की एक सोसायटी में हैरान और परेशान करने वाला मामला सामने आया है। मकान मालिक की शिकायत के बाद पुलिस ने घर में लगभग 8 साल से खाना बनाने वाली घरेलू सहायिका को गिरफ्तार किया है।

आरोप है कि घरेलू सहायिका फ्लैट मालिक से नाराज होकर बिजनेसमैन की रसोई में यूरिन से आटा गूंथकर इसकी रोटी बनाकर परिवार को खिला देती थी। बीते कुछ दिनों से परिवार जब बीमार हुआ, तो उन्होंने वहां एक मोबाइल कैमरा रख दिया और नौकरानी की हरकत कैमरे में कैद हो गई। इसके बाद बिजनेसमैन की पत्नी ने पुलिस को शिकायत दी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नौकरानी के खिलाफ संक्रामक रोग फैलाने की धाराओं में केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है जिस महिला घरेलू सहायिका रीना पर यह आरोप है वह 8 साल से यहां काम कर रही थी।



### जब आराम करने पर भी नहीं हुई बीमारी ठीक

**रसोई के बर्तन में ही टॉयलेट करती थी और फिर टॉयलेट से रोटियां आटा गूंथकर बनाई जाती थी**

**करंट क्राइम।** पुलिस ने बताया है की रियल एस्टेट कारोबारी अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनकी पत्नी ने जो पुलिस को शिकायत दी है, उसमें बताया है कि उनको रसोई से कई बार टॉयलेट की बदबू आती थी, शक हुआ 14 अक्टूबर को उन्होंने मोबाइल कैमरे का वीडियो रिकॉर्ड ऑन करके किचन में छुपा दिया। घरेलू सहायिका के जाने के बाद उन्होंने रिकॉर्डिंग चेक की तो उनका शक सही निकला। वह रसोई के बर्तन में ही टॉयलेट करती थी और फिर टॉयलेट से रोटियां आटा गूंथकर बनाई जाती थीं। पुलिस को शक है कि यह काम लंबे समय से चल रहा था। परिवार में कई लोग पूर्व में बीमार हुए और वह ठीक नहीं हो रहे थे। जिसपर डॉक्टर ने भी खास इंफेक्शन होने का इशारा पीड़ित परिवार को किया था। इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

# सतेंद्र शिशौदिया! संजीव शर्मा! अशोक मोंगा! मयंक गोयल के नामों पर मचा है अफवाहों का शोर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दावेदारी का शोर पहले से मच रहा है और चुनाव की रणभेरी चुनाव आयोग ने बजा दी है। यहां सबसे ज्यादा क्रेज भाजपा के टिकट को लेकर है। भाजपा के टिकट के लिये यहां कहा जाता है कि ये टिकट यहां किसी भी चेहरे को जीत के निकट ले आता है और चुनावी पर्चा भरने की बेला आती है तो नाम चर्चा में आते हैं। इस बार भी भाजपा के चार नामों को लेकर शहर में शोर मच रहा है। टिकट तय संगठन को करना है, लेकिन चर्चा में नाम हैं कोई सोशल मीडिया पर पंजाबी चैनल को हिट बता रहा है तो किसी का मामला बल्ले-बल्ले हो रहा है। किसी ने कहा कि मुझे तो एसएस का बैट पसंद है। अब एस एस से तो सतेंद्र शिशौदिया का नाम भी आता है और एस एस संजीव शर्मा का भी नाम आता है। टिकट किसका होगा इसको लेकर चर्चा है। भाजपा का टिकट काफी जोर लगाने के बाद घोषित होता है और जब घोषित होता है तो फिर इसमें कभी बैक गीयर नहीं लगता। फिलहाल यहां चार नाम सुर्खियों में हैं। कभी महानगर अध्यक्ष संजीव




शर्मा का नाम चर्चा में आता है। कभी क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया के नाम पर चर्चा चलती है। कभी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल का नाम सुर्खियों में आ जाता है तो कभी पूर्व महानगर अध्यक्ष, पूर्व क्षेत्रीय महामंत्री अशोक मोंगा के नाम की चर्चा चल पड़ती है। करंट क्राइम शुरू से ही एसएमएस का जिक्र कर रहा है। एमएमएस फैक्टर में यही नाम आते हैं। टिकट किस ओर जाएगा ये समय बताएगा। जब टिकट होगा तो सबको पता चल जाएगा। फिलहाल अफवाहों का सीन चरम है। जहां जाओ वहीं टिकट किसका हो रहा है वाली चर्चा है। कौन भरेगा पर्चा इसका जिक्र हो रहा है। यहां ब्राह्मण, ठाकुर, पंजाबी और वैश्य फैक्टर की बात चल रही है।

## देखना अब ये है कि उपचुनाव वाला ये टिकट जाएगा किस ओर



### दावेदार चाहते हैं इस समय सब रहें खामोश

**करंट क्राइम।** दावेदार इस समय सांस रोककर घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। वो कोई भी बात अपनी जुबान से नहीं निकाल रहे हैं। खास बात ये है कि इन दावेदारों ने अपने समर्थकों को भी कन्फ्यूज कर दिया है। कभी वो समर्थकों से कहते हैं कि चुनाव की तैयारी करो तो कभी गंभीर मुद्रा में दोनों हाथ हवा में उठाकर कह देते हैं कि ईश्वर ही जाने किसका टिकट होगा। फिलहाल दावेदार अपने समर्थकों को कंट्रोल उदय वाले स्टाइल में समझा रहे हैं। वो निर्देश दे चुके हैं कि कोई भी सोशल मीडिया पर ज्यादा उत्साह नहीं दिखाएगा। टिकट को लेकर कोई चर्चा नहीं करेगा।

### जब एक समर्थक ने किया रात के 12 बजे तीन दावेदारों को फोन और दे दी तीनों को टिकट की बधाई

**करंट क्राइम।** पहले नेता को चतुर माना जाता था, लेकिन अब वोटर और सपोर्टर नेता से भी दो हाथ आगे चल रहे हैं। वो चतुर सयाने बन रहे हैं और दोनों हाथों में लड्डू रखते हैं। किस्सा उस बधाई से जुड़ा है जो एक सपोर्टर ने आधी रात को तीन दावेदारों को दे दी। रात के 12 बजे थे और एक दावेदार के पास एक समर्थक का फोन पहुंचा। समर्थक पूरे कॉन्फिडेंस के साथ दावेदार को बधाई देते हुए कहा कि आपका टिकट हो गया है। दावेदार इन दिनों दूध का जला छाछ भी फूंककर पीने वाले अंदाज में हैं वो डिफेंस और साइलेंट मोड में है। वो कोई ऐसी बात जुबान से नहीं निकाल रहे हैं, लेकिन दावेदार समझ सब रहे हैं। बताते हैं कि उसी समर्थक का फोन पांच मिनट के बाद दूसरे दावेदार के पास पहुंचा। वहां भी उसी समर्थक ने दूसरे दावेदार का उसका टिकट होने की बधाई दी। पांच मिनट बाद उसी समर्थक का फोन तीसरे दावेदार के पास पहुंचा। यहां भी सेम-टू-सेम बधाई और टिकट होने की बात। आजकल कनेक्टिविटी का दायरा तेज है और तीनों दावेदारों ने जब आपस में बात की तो ये कन्फर्म हो गया कि वो एक ही सपोर्टर तीन लोगों को रात के 12 बजे टिकट होने की बधाई दे रहा था।

## संपादकीय

# फिर वही कहानी

भारत और कनाडा के रिश्ते यों तो पिछले करीब एक साल से खासे तनावपूर्ण चल रहे थे, लेकिन सोमवार को वे अतल गहराइयों में गोता लगाते दिखे। भारत ने न केवल ओटावा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया बल्कि नई दिल्ली में एक्टिंग हाईकमिश्नर सहित छह कनाडाई राजनयिकों को शनिवार तक देश छोड़ने को कह दिया। इस कदम से साफ है कि दोनों देशों के रिश्ते इस हालत में पहुंच गए हैं कि कम से कम हाल-फिलहाल इसमें किसी तरह के सुधार की गुंजाइश नहीं दिख रही।

**सबूत नहीं :** इसके मूल में जस्टिन ट्रूडो सरकार का यह निराधार आरोप है कि कनाडा में पिछले साल हुई हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ है। दिलचस्प है कि खुद पीएम ट्रूडो संसद में सार्वजनिक तौर पर यह आरोप लगा चुके हैं, लेकिन आज तक उनकी सरकार इसके पक्ष में कोई सबूत नहीं पेश कर पाई है। भारत को सबूत सौंपने का दावा वह जरूर करती है, लेकिन जब उसने आरोप सार्वजनिक तौर पर लगाए तो उसे सबूत भी सार्वजनिक करने चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।

**नीयत पर सवाल :** ऐसा न करने की वजह से भारत की यह शिकायत जायज लगती है कि कनाडा सरकार एक ही बात को बार-बार दोहराने और गोल-गोल घुमाते रहने के अलावा कुछ नहीं कर रही। ऐसे में जब सोमवार को उसने भारतीय उच्चायुक्त को ही ह्यपर्सन ऑफ इंटरेस्टह्ल घोषित कर दिया तो भारत का नाराज होना स्वाभाविक था। गौर करने की बात है कि भारत ने कनाडा की मौजूदा सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए साफ कहा कि वह अपने राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर उसकी प्रतिबद्धता पर भरोसा नहीं करती और इसीलिए उन्हें वापस बुला रही है।

**घरेलू राजनीतिक मजबूरी :** भारत के इस असाधारण रूप से कठोर रुख के पीछे यह तथ्य है कि बार-बार ध्यान दिलाने के बावजूद ट्रूडो सरकार कनाडा में सक्रिय खालिस्तान समर्थक तत्वों पर किसी तरह का अंकुश लगाने को तैयार नहीं हुई। इसके उलट उनकी गतिविधियों को अभिव्यक्ति की आजादी का हिस्सा करार देती रही है। भारत ने अगर ट्रूडो सरकार के इस रुख को उसकी राजनीतिक मजबूरियों से जोड़ा है तो उसके पीछे भी यह ठोस तथ्य है कि उस सरकार का अस्तित्व अलगाववादी कट्टरपंथियों के समर्थन पर निर्भर करता है।

**कूटनीति के सरोकार :** बहरहाल, ताजा विवाद भले ही भारत और कनाडा के द्विपक्षीय रिश्तों से जुड़ा दिख रहा हो, लेकिन इसमें निहित मुद्दे अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के बुनियादी सरोकारों से वास्ता रखते हैं। मूल मसला यह है कि भारत जिन तत्वों को अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा समझता है।

# केंद्रीय कैबिनेट का बड़ा फैसला, डीए में 3 प्रतिशत बढ़ोतरी का ऐलान



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशन धारकों को सरकार की ओर से दीपावली का तोहफा मिलने जा रहा है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को हुई अपनी बैठक के दौरान महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी को अपनी मंजूरी दे दी है। इस बढ़ोतरी के बाद डीए मूल वेतन का 50 प्रतिशत से बढ़कर 53 प्रतिशत हो गया है। केंद्र सरकार के इस फैसले का लाखों सरकारी कर्मचारियों को फायदा मिलेगा। महंगाई भत्ते की गणना अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर की जाती है। डीए को लेकर हर 6 महीने में संशोधन होता है। महंगाई राहत सेवानिवृत्त केंद्र सरकार के कर्मचारियों को दी जाती है। डीए में बढ़ोतरी के बाद जनवरी और जुलाई में एडजस्टमेंट प्रभावी होता है।

डीए को लेकर मार्च और सितंबर में घोषणा की जाती है। जनवरी में डीए में बढ़ोतरी की घोषणा मार्च तक जाती है। इसी तरह जुलाई में डीए में बढ़ोतरी की घोषणा दीपावली तक जाती है। तीन प्रतिशत डीए बढ़ोतरी के बाद एंट्री लेवल सरकारी कर्मचारी के मूल वेतन में मासिक आधार पर 540 रुपये की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। सरकार के इस फैसले से करीब एक करोड़ केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशन धारकों को राहत मिलेगी। कर्मचारियों को जुलाई, अगस्त और सितंबर का एरियर मिलने की भी उम्मीद की जा रही है। 9 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद डीए में बढ़ोतरी की उम्मीद की जा रही थी। हालांकि, केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशन धारकों को इस संशोधन के लिए कुछ लंबा इंतजार करना पड़ा। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को घोषणा की कि दीपावली और त्योहारी सीजन से पहले राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) में 4% की बढ़ोतरी की जाएगी। जिससे यह मूल वेतन का 50% हो जाएगा। यह वृद्धि 1 अक्टूबर से लागू होगी।

## पीयूष गोयल बोले भारतीय ब्रांड को दुनिया में स्थापित करने के लिए गुणवत्ता जरूरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग जगत के दिग्गज रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि रतन टाटा ने बहुत कठिन परिस्थितियों में आगे बढ़कर नेतृत्व किया, और वास्तव में एक अंतरराष्ट्रीय समूह बनाया। उन्होंने समूह की उपलब्धियों के साथ भारत को गौरवान्वित किया। भारतीय गुणवत्ता प्रबंधन प्रतिष्ठान (आईएफक्यूएम) की ओर से आयोजित प्रथम वार्षिक संगोष्ठी में केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग जगत के दिग्गज रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि रतन टाटा ने बहुत कठिन परिस्थितियों में आगे बढ़कर नेतृत्व किया, और वास्तव में एक अंतरराष्ट्रीय समूह बनाया। उन्होंने समूह की उपलब्धियों के साथ भारत को गौरवान्वित किया। गोयल ने कहा, रतन टाटा ने ब्रांड इंडिया को दुनिया भर में, सीमाओं के पार ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने वास्तव में यह दुनिया को यह दिखाया कि हम यह कर सकते हैं, हमारे पास दुनिया में बदलाव लाने की क्षमता है। उन्होने एक सख्त एग्जीक्यूटिव की छवि होने के बावजूद, इसे बहुत ही दयालु तरीके से किया। भारतीय ब्रांड को स्थापित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद जरूरी कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों के निर्माण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इस दृष्टिकोण के बिना भारत को वास्तव में प्रतिस्पर्धी बनाना बहुत मुश्किल होगा।

## लाल निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 209 और निफ्टी 57 अंक फिसला

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी दिन लाल निशान पर खुला है। बीएसई का सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 209.05 अंक या 0.26 प्रतिशत फिसलने के बाद 81,611.07 पर कारोबार कर रहा है। वहीं, एनएसई का निफ्टी 57.90 अंक या 0.23 प्रतिशत फिसलने के बाद 24,999.45 पर कारोबार की शुरूआत कर रहा है। बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 687 शेयर हरे, जबकि 555 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। वहीं, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 61 शेयर हरे और 52 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं।



निफ्टी बैंक 27.55 अंक या 0.05 प्रतिशत गिरने के बाद के 51,878.45 पर है। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 41.80 अंक या 0.07 प्रतिशत बढ़ने के बाद 59, 635.05 स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, निफ्टी 100 इंडेक्स 28.90 अंक या 0.11 प्रतिशत फिसलने के बाद 26,120.20 पर है। सेंसेक्स पैक में एशियन पेंट्स, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व और पावर ग्रिड टॉप गेनर्स थे। वहीं, नेस्ले, एंड एम, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंफोसिस टॉप लूजर्स थे। निफ्टी पैक में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ, बीपीसीएल और एशियन पेंट्स टॉप गेनर्स थे। वहीं, ट्रेंट, एम एंड एम, टीसीएस और कोटक महिंद्रा टॉप लूजर्स थे। एशियाई बाजारों की बात करें तो टोक्यो, बैंकॉक, सोल के बाजार लाल निशान पर कारोबार कर रहा थे। शंघाई, हांगकांग, जकार्ता के बाजार हरे निशान पर कारोबार कर रहे थे। वहीं, अमेरिकी शेयर बाजार बीते कारोबारी दिन लाल निशान पर बंद हुए थे। बाजार के जानकारों के अनुसार,वैश्विक स्तर पर शेयरों में जारी तेजी के पीछे मुख्य ताकत अमेरिकी बाजार में लगातार हो रही तेजी है। तथ्य यह है कि एसएंडपी 500 ने इस साल 46 नए उच्च स्तर बनाए हैं, जो अमेरिका के नेतृत्व में इस तेजी वाले बाजार की ताकत को दशार्ता है। इस तेजी को मजबूत अमेरिकी अर्थव्यवस्था और कॉर्पोरेट आय में अच्छी वृद्धि का बुनियादी समर्थन प्राप्त है। भले ही मध्य पूर्व की भू-राजनीति ने नकारात्मक रुख अपनाया हो, लेकिन इसने कच्चे तेल की कीमतों में उछाल नहीं लाया और इसलिए, मुद्रास्फीति को कोई खतरा नहीं है जो नियंत्रण में है और फेड को दरों में कटौती करने की अनुमति देता है।

# शीर्ष 30 में से 19 बड़े आईपीओ इंडेक्स से अधिक रिटर्न देने में असफल : रिपोर्ट




**मुंबई।** देश के शीर्ष 30 बड़े आईपीओ में से 19 ने सीएनएक्स 500 इंडेक्स से कम रिटर्न दिया है। बुधवार को आई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। वेल्थ मैनेजमेंट फर्म कैपिटलमाइंड फाइनेंसियल सर्विसेज की रिपोर्ट में जानकारी दी गई कि देश में अब तक आए बड़े 30 में से आठ बड़े आईपीओ ने नकारात्मक रिटर्न दिया है। हाई-प्रोफाइल आईपीओ में रिलायंस पावर ने निवेशकों को सबसे ज्यादा नकारात्मक रिटर्न दिया है। यह अपने समय का सबसे बड़ा आईपीओ था। शीर्ष 10 आईपीओ में केवल दो आईपीओ ने सीएनएक्स500 से ज्यादा रिटर्न दिया है। कोल इंडिया का शेयर पिछले 14 वर्षों में दोगुना हुआ है। अगर इसके द्वारा दिए गए डिविडेंड को मिला दिया जाए तो कोल इंडिया ने इंडेक्स के बराबर रिटर्न दिया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि शीर्ष 10 में से जोमैटो ही निवेशकों को शानदान रिटर्न दे पाया है। इसके बाद शीर्ष 30 बड़े आईपीओ में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन, सोना बीएलडब्ल्यू प्रिसिजन फोर्जिंग्स और आईसीआईसीआई लोम्बार्ड ने भी निवेशकों को इंडेक्स से अच्छा रिटर्न दिया है। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि बीते दो वर्षों में आए 10 सबसे बड़े आईपीओ में बजाज हाउसिंग फाइनेंस, भारती हैक्साकॉम और ब्रेनबीज (फर्स्ट क्राई) ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। कैपिटलमाइंड फाइनेंसियल सर्विसेज के इन्वेस्टमेंट और रिसर्च हेड अनूप विजयकुमार कहना है कि तेज के बाजारों के अंतिम चरण में बड़े आईपीओ देखने को मिलते हैं, क्योंकि उन्हें उम्मीद के मुताबिक वैल्यूएशन मिल जाता है। वहीं, जिन कंपनियों की लिस्टिंग के बाद आय में वृद्धि दर वैल्यूएशन के मुताबिक नहीं होती है, तो वह उम्मीद से कम रिटर्न देते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में शेयर बाजार से जुटाए गए फंड में कंज्यूमर कंपनियों की हिस्सेदारी 34 प्रतिशत, फाइनेंसियल कंपनियों की हिस्सेदारी 27 प्रतिशत और इंडस्ट्रियल कंपनियों की हिस्सेदारी 14 प्रतिशत रही है।

## राशिफल

**मेष :** घृणा का भाव महंगा पड़ सकता है। यह न केवल आपकी सहनशक्ति को कम करता है, बल्कि आपके विवेक को भी जंग लगा देता है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। आप किसी अच्छी जगह घूमने का प्लान भी बना सकते हैं।

**मिथुन :** आज कोई गलत फैसला जल्दबाजी में करने से बचना होगा। धैर्य न छोड़ें और धैर्य रखें। मित्रों और रिश्तेदारों के साथ मिलकर उत्तम भोजन का आनंद लेंगे।

**कर्क :** आप भले ही जोश से भरे हों, फिर भी आज आप किसी ऐसे व्यक्ति को याद करेंगे जो आज आपके साथ नहीं है। कमीशन, लाभांश या रॉयल्टी से लाभ होगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। ऑफिस में सहकर्मी आपके काम का विरोध कर सकते हैं। हालांकि कुछ सहकर्मी भी आपके पक्ष में रहेंगे।

**कन्या :** आज संतान से जुड़ी समस्याएं सामने आ सकती हैं. प्रेम प्रसंग से जुड़े मामले में चल रहा विवाद सुलझेगा। किसी शुभ कार्यक्रम का आयोजन होगा।

**तुला :** मजेदार यात्राएं और सामाजिक मेलजोल आपको खुश और तनावमुक्त रखेगा। पैसा अचानक आपके पास आएगा, जो खर्च और बिल आदि का ध्यान रखेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा। चुनौतियों का सामना आसानी से करेंगे। इस राशि के लोग किसी की मदद कर सकते हैं। इससे आपको खुशी मिलेगी।

**धनु :** आज अपने काम में रुचि बढ़ाने के लिए अपना ज्ञान बढ़ाना होगा, घर और परिवार से जुड़ी चिंताओं को बेहतर तरीके से संभालना होगा। वरिष्ठों पर दबाव न डालें।

**मकर :** तनाव से बचने के लिए अपना कीमती समय बच्चों के साथ बिताएं। आप बच्चों को ठीक करने की शक्ति महसूस करेंगे।

**कुंभ :** आज का दिन लाभकारी रहेगा। रुके हुए काम किसी मित्र के सहयोग से पूरे होंगे। किसी से शुभ समाचार मिलेगा। व्यापार में नए विचार प्राप्त होंगे।

**मीन :** आज पुराना कर्ज चुकाने में आपको कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। प्रेम संबंधों के मामले में आज का दिन बेहद खास रहेगा।

## चुटकुले

चिंटू ने कंडक्टर से पूछा- आप कितने घंटे बस में रहते हो?
कंडक्टर- जी 24 घंटे।
चिंटू- वो कैसे?
कंडक्टर- देखिये, 8 घंटे तो सिटी बस में रहता हूं और बाकी के 16 घंटे बीवी के बस में रहता हूं।

---

बीवी- सुनो जी, जब हमारी नई-नई शादी हुई थी... जब मैं खाना बना कर लाती थी तो तुम खुद कम खाते थे, मुझे ज्यादा खिलाते थे।
पति- तो?
बीवी- तो अब ऐसा क्यों नहीं करते हो?
पति- क्योंकि अब तुम अच्छा खाना बनाना सीख गई हो। बीवी बेहोश।

---

भिखारी- साहब 10 रुपये दे दो कुछ खा लूंगा।
साहब- शर्म नहीं आती तुम्हें, सड़क पर खड़े होकर भीख मांगते हो।
भिखारी- तो क्या दफ्तर खोल लूं ?

## रोचक तथ्यों का करंट

- हाथी केवल प्रत्येक दिन 2 से 3 घंटे सोते हैं।
- डॉलफिन एक समय में अपने मस्तिष्क के केवल आधे हिस्से के साथ सोते हुए 15 दिनों या उससे अधिक समय तक सक्रिय रह सकते हैं।
- लाखों पेड़ों को गलती से गिलहरी द्वारा ही लगाया जाता है, जो नट्स को जमीन में दफन करते हैं और फिर भूल जाते हैं कि उन्हें कहाँ छिपा दिया गया था।
- हिप्पोपोटामस अपने शरीर के तापमान को नीचे रखने के लिए पानी में आराम करते हैं क्योंकि उन्हें पसीना ग्रंथियां नहीं होती हैं।
- क्या आपको यह पता था दोस्तों, मेंढक पानी नहीं पीता है वे अपनी त्वचा के माध्यम से इसे अवशोषित करते हैं।
- चाइनीज नरम खोल वाला कछुआ एक पशु है जो उसके मुंह के माध्यम से पेशाब करने के लिए जाना जाता है। कुदरत भी कमाल है!
- एक चींटी विद्रोह से सावधान रहें! दुनिया में हर इंसान के लिए दस लाख चींटियां हैं। ये लचीले पप्राणी कभी भी सोते नहीं हैं और इनके फेफड़े भी नहीं होते हैं।




दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# नीरज चोपड़ा, मनु भाकर होंगे महिला आयोग के ब्रॉड एंबेसडर, नशे से दूर रहने के लिए करेंगे जागरूक




### जिलों में कार्यक्रम आयोजित कराएगा आयोग

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया ने बताया कि आयोग की तरफ से प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए मुहिम चलाई जाएगी। इसके तहत आयोग की तरफ से अलग-अलग जिलों में जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित कराए जाएंगे। जिस जिले में जागरूकता कार्यक्रम होगा, उस जिले के 20 से 25 स्कूल और कॉलेज के छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया जाएगा। इसी कार्यक्रम में आने वाले ब्रॉन्ड एंबेसडर छात्र-छात्राओं को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएंगे। ये महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर भी युवाओं को जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया कि महिला आयोग का स्लोगन है कि गलत नशे से दूर रहो, खेल का नशा करो।

**नई दिल्ली।** युवाओं को नशे से दूर रहने और खेल के प्रति जागरूक करने के लिए हरियाणा महिला आयोग एक विशेष अभियान शुरू करने जा रहा है। इसको लेकर खेलों के क्षेत्र में दुनियाभर में भारत का नाम चमकाने वाले नीरज चोपड़ा, मनु भाकर, नवदीप श्योराण, प्रणव सूरमा समेत 20 ओलंपियन को आयोग ब्रॉन्ड एंबेसडर बनाने की तैयारी कर रहा है।

महिला आयोग ने खेल विभाग से ओलंपिक और पैरा-ओलंपिक खिलाड़ियों की सूची मांगी है। खेल विभाग की ओर से खिलाड़ियों की सूची तैयार कर दो दिन में महिला आयोग को भेज दी जाएगी। सभी खिलाड़ियों के साथ बातचीत के बाद आयोग की तरफ से अंतिम सूची फाइनल की जाएगी, लेकिन प्रदेश के 20 ओलंपियन को महिला आयोग का ब्रॉन्ड एंबेसडर बनाना तय है। महिला आयोग की तरफ से 20 अक्तूबर को पानीपत में एक कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। आयोग की तरफ से इन सभी 20 ओलंपियन को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा। इसके लिए खिलाड़ियों से संपर्क किया जा रहा है।

महिला आयोग युवाओं को नशे से दूर रहने और खेल के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान पर काम करेगा। इसी के तहत प्रदेश के 20 ओलंपियन को राज्य महिला आयोग का ब्रॉन्ड एंबेडसर बनाया जा रहा है। इसकी प्रक्रिया चल रही है। 20 अक्तूबर को पानीपत में कार्यक्रम आयोजित कर इसकी अधिकारिक घोषणा भी कर दी जाएगी। - रेनु भाटिया, अध्यक्ष, हरियाणा महिला आयोग।

# आशालता के नाम दर्ज होगा रिकॉर्ड, 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बनेंगी



**नई दिल्ली।** कप्तान आशालता देवी पाकिस्तान के खिलाफ गुरुवार को यहां सैफ चैंपियनशिप के शुरूआती मैच के लिए मैदान पर उतरेंगी तो 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली पहली भारतीय महिला फुटबॉलर बन जाएंगी। मणिपुर की 31 साल कि इस खिलाड़ी ने मार्च 2011 में बांग्लादेश के खिलाफ ढाका में ओलंपिक पूर्व टूनामेंट में भारत के लिए पदार्पण किया। तब से इस स्टार डिफेंडर ने एक लंबा सफर तय किया है।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने जारी बयान में कहा, 'मार्च 2011 में बांग्लादेश के खिलाफ ढाका में ओलंपिक पूर्व मुकाबले में जब उन्होंने पहली बार भारतीय शर्ट पहनी थी, तो बहुत कम लोगों ने सोचा होगा कि आशालता देवी भारतीय महिला फुटबॉल में इस तरह का मुकाम हासिल करेंगी।' आशालता को 2008 में भारत की अंडर-17 टीम के लिए बुलाया गया था जब वह 15 साल की थीं।

इम्फाल में जन्मी इस खिलाड़ी ने 13 साल की उम्र में फुटबॉल खेलना शुरू किया। वह शुरूआत में भारतीय रेलवे फुटबॉल टीम में थी और 2015 में मालदीव के न्यू रेडियंट महिला फुटबॉल क्लब में शामिल हुईं। उन्होंने इसके बाद भारत में इंडियन वुमेन लीग में राइजिंग स्टूडेंट क्लब (कटक), केआरवाईपीएचएसए (इम्फाल), सेतु (मदुरै) और गोकुलम केरल का प्रतिनिधित्व किया। वह फिलहाल ईस्ट बंगाल के साथ हैं।

आशालता ने यहां पहुंचने के बाद कहा, 'मैं उत्साहित और खुश हूं कि मैं पाकिस्तान के खिलाफ अपना 100वां मैच खेलूंगी। हमारा ध्यान हालांकि सभी मैचों को जीतकर ट्रॉफी को घर वापस ले जाने पर होगा। नेपाल आने का यही मुख्य सपना और मकसद है।' उन्होंने कहा, 'मैं चैंपियनशिप के सभी मैचों का इंतजार कर रही हूं क्योंकि यह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण टूनामेंट है। हमें पिछले सैफ में पहले ही झटका लग चुका है, लेकिन इस बार यह अलग होगा।' भारत 2022 सत्र में खिताब का बचाव करने में विफल रहा था।

# आईओए हमारे सुझावों पर ध्यान नहीं देता, खिलाड़ी आयोग की प्रमुख मैरीकोम ने कहा



**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के खिलाड़ी आयोग की अध्यक्ष महान मुक्केबाज एमसी मैरीकोम ने कहा है कि उन्होंने राष्ट्रीय ओलंपिक समिति को सुझाव देना बंद कर दिया है क्योंकि उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया जाता। मैरीकोम उन 10 शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल थीं जिन्हें नवंबर 2022 में आईओए खिलाड़ी आयोग में चुना गया था।

आईओए में इस समय खींचतान चल रही है जिसमें पदाधिकारियों का एक वर्ग अध्यक्ष पीटी उषा के कामकाज के तरीके पर सवाल उठा रहा है। उषा ने हालांकि अपने खिलाफ सभी आरोपों से इनकार किया है।

आईओए में चल रहे सत्ता संघर्ष के बारे में पूछे जाने पर मैरीकोम ने पीटीआई से कहा, मैं आईओए के कामकाज में शामिल नहीं हूं। हमने आईओए के साथ कई बातें साझा की, लेकिन उन्होंने मेरी बात नहीं सुनी। वे मेरे सुझावों को नहीं सुनते। मैं राजनीति नहीं जानती और मैं किसी को दोष नहीं देना चाहती। भारतीय मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक से पदक के बिना लौटे और मैरीकोम इस नतीजे से बेहद निराश थीं।

41 वर्षीय मैरीकोम ने अफसोस जताया कि ओलंपिक से पहले भारतीय मुक्केबाजी महासंघ में किसी ने उनकी मदद नहीं मांगी। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं बता सकती कि क्या गलत हुआ क्योंकि उन्होंने मुझे आमंत्रित ही नहीं किया। वे मेरे अनुभव का इस्तेमाल कर सकते थे। मैं मुक्केबाजों को उनकी कमजोरियां और मजबूत पक्ष बता सकती हूं। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता मैरीकोम को लगता है कि जब तक कोचिंग संरचना में सुधार नहीं किया जाता तब तक पदक नियमित रूप से नहीं आएंगे।

# काइलियान एमबाप्पे के प्रतिनिधियों ने बलात्कार संबंधी स्वीडन मीडिया की रिपोर्ट को खारिज किया



**स्टॉकहोम।** फ्रांस के फुटबॉल स्टार काइलियान एमबाप्पे के प्रतिनिधियों ने स्वीडन के मीडिया में छपी उस रिपोर्ट को झूठी और गैर जिम्मेदाराना बताया है जिसमें कहा गया है कि उनके खिलाफ बलात्कार के एक मामले में जांच चल रही है। सूत्रों का हवाला दिये बिना स्वीडन के कई मीडिया ने रिपोर्ट दी है कि रीयाल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर एमबाप्पे के खिलाफ बलात्कार के मामले की जांच चल रही है। रिपोर्ट के बाद स्वीडन के अभियोजकों ने मंगलवार को छोटा सा बयान जारी किया कि पुलिस के पास बलात्कार की एक शिकायत आई है लेकिन इसमें किसी का नाम नहीं लिया गया।

बयान में कहा गया, रिपोर्ट के अनुसार यह घटना स्टाकहोम के एक होटल में 10 अक्टूबर 2024 की है। एमबाप्पे की मीडिया टीम ने कहा, ये आरोप बिल्कुल झूठे और गैर जिम्मेदाराना है। काइलियान एमबाप्पे अपनी प्रतिष्ठा और सम्मान पर किसी तरह की आंच आना बर्दाश्त नहीं करेंगे। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भी एमबाप्पे ने लिखा, फेक न्यूज।

# लियोनेल मेसी ने तोड़ा क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड, संन्यास को लेकर कही बड़ी बात

**पुर्तगाल।** फुटबॉल जगत में पिछले दो दशकों से अजेटींना के लियोनल मेसी और पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बीच प्रतिद्वंद्विता चल रही है। दोनों अंतर्राष्ट्रीय और प्रोफेशनल फुटबॉल में एक दूसरे के रिकॉर्ड तोड़ते आ रहे हैं। इस रिकॉर्ड तो तोड़ने के बाद मेसी ने अपने रिटायरमेंट को लेकर भी बड़ी बात कही।

वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैच में लियोनेल मेसी की अर्जेंटीना बोलिविया का सामना कर रही थी। इस मैच में उन्होंने 6-0 से जीत हासिल की जिसमें मेसी की हैट्रिक का अहम रोल था। 37 साल के मेसी ने 19वें, 84वें और 86वें मिनट में गोल किए। अर्जेंटीना के दो गोल मेसी के पास पर हुए। उन्होंने लोटारो मार्तिनेज और जूलियन अल्वारेज के लिए गए गोल में एसिस्टेंट की भूमिका निभाई थी।

ये मेसी के करियर की 10वीं अंतर्राष्ट्रीय हैट्रिक थी। इस मामले में उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की बराबरी की। वह दूसरे ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने 10 हैट्रिक लगाई है। दोनों सबसे ज्यादा हैट्रिक लगाने वाली खिलाड़ी हैं।

लियोनेल मेसी ने मैच को लेकर कहा, यहां आकर लोगों का प्यार महसूस करके बहुत अच्छा लगता है जिस तरह से वे मेरा नाम पुकारते हैं उससे मैं बहुत प्रभावित होता हूं। ये मुझे प्रेरित करता है। मैं जहां हूं वहां खुश रहना पसंद करता हूं। अपनी उम्र के बावजूद, जब मैं यहां आथा हूं तो



मैं खुद को एक बच्चे की तरह महसूस करता हूं क्योंकि मैं इस टीम के साथ सहज हूं।

# बारिश की भेंट चढ़ा पहले दिन का खेल, बेंगलुरु में टॉस तक भी नहीं हो सका



**नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच बुधवार 16 अक्टूबर से तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज हो गया है। लेकिन बारिश के कारण बेंगलुरु के एम ए चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले टेस्ट का पहला दिन बाधित हो गया। यहां टॉस तक भी नहीं हो पाया। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र का हिस्सा है।

मौसम विभाग ने पूरे दिन बारिश की भविष्यवाणी की है, जिसके कारण भारतीय खिलाड़ी खुद को एक्टिव रहने के लिए इनडोर नेट्स में प्रैक्टिस कर रहे हैं। भारतीय टीम के खिलाड़ी विराट कोहली यशस्वी जायसवाल मैदान पर नजर आए थे। हालांकि, रिपोर्ट के मुताबिक वह अपने किट के साथ इंडोर नेट्स में गए और कुछ समय बिताया। लंच के बाद भी बारिश होने के कारण पहले दिन का खेल रद्द करनापड़ा।

इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान दूसरे टेस्ट मैच में भी बारिश के कारण मैच तय नहीं हो सका। हालांकि, पहले दिन टॉस हुआ था और कुछ ओवर का मैच हुआ था लेकिन फिर दो दिन तक बारिश की वजह से खेल नहीं हो सकता था। लेकिन अंतिम दो दिन में भारत ने दमदार प्रदर्शन करते हुए मैच अपने नाम किया था।

# पारस म्हाम्ब्रे की आईपीएल में हुई वापसी, मुंबई इंडियंस में मिली ये जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** वर्ल्ड कप विनर पारस म्हाम्ब्रे की इंडियन प्रीमियर लीग में घर वापसी हो गई है। दरअसल, मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 से पहले म्हाम्ब्रे को बॉलिंग कोच नियुक्त किया है। वह पहले भी एमआई के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रह चुके हैं। वह एमआई के मौजूदा बॉलिंग कोच लसिथ मलिंगा के साथ काम करेंगे। 53 वर्षीय म्हाम्ब्रे टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने वाली भारतीय टीम के गेंदबाजी कोच रह चुके हैं।

मुंबई इंडियंस के मौजूदा बॉलिंग कोच लिथ मलिंगा के साथ काम करेंगे। 53 वर्षीय म्हाम्ब्रे टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने वाली भारतीय टीम के बॉलिंग कोच थे। एमआई ने बुधवार को एक बयान में कहा कि, पारस म्हाम्ब्रे और लसिथ मलिंगा की जोड़ी बहुत ही खरतनाक है। म्हाम्ब्रे ने भारत के तेज गेंदबाजी विभाग को दुनिया की सबसे बेहरतीन लाइनअप में बदलने में अहम भूमिका निभाई। वह टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली कोचिंग टीम का हिस्सा रहे और अब मुंबई इंडियंस में वापसी कर रहे हैं। वह हेड कोच महेला जयवर्धने के नेतृत्व में कोचिंग टीम में मलिंगा के साथ काम करेंगे।

बता दें कि, म्हाम्ब्रे साल 2008 में आईपीएल के पहले सीजन में एमआई की कोचिंग टीम का हिस्सा थे। मुंबई इंडियंस ने जब 2013 में पहली आईपीएल ट्रॉफी पर कब्जा जमाया और चैंपियंस लीग टी20 जीती, तब भी म्हाम्ब्रे फ्रेंचाइजी के कोचिंग स्टाफ से जुड़े थे। मुंबई में जन्में म्हाम्ब्रे ने भारत के लिए 1996-98 में दो टेस्ट और तीन वनडे मैच खेले। उन्होंने कुल पांच इंटरनेशनल विकेट झटके।

# कामरान गुलाम डेब्यू टेस्ट में जड़ा शतक, इस भारतीय ने 92 साल पहले किया था ऐसा

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ जब दूसरे और तीसरे टेस्ट के लिए बाबर आजम को पाकिस्तान टीम से बाहर किया गया था तब काफी हंगामा मचा था। उनकी जगह टीम में कामरान गुलाम को लाया गया और दूसरे टेस्ट की पहली पारी में नंबर 4 पर खेलते हुए इंग्लैंड के खिलाफ शतक लगाकर उन्होंने खुद को साबित भी कर दिया।

29 साल के कामरान गुलाम ने अपने डेब्यू टेस्ट की पहली ही पारी में शतक लगाया जबकि बाबर आजम ऐसा नहीं कर पाए थे।

यही नहीं कामरान गुलाम डेब्यू टेस्ट में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए दुनिया के छठे बल्लेबाज भी बने और कई दिग्गजों की लिस्ट में शामिल हुए, लेकिन डेब्यू टेस्ट मैच में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज भारत के थे और उन्होंने 94 साल पहले ऐसा कमाल किया था।



इंग्लैंड के खिलाफ कामरान गुलाम ने मुल्तान में दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में 224 गेंदों पर 118 रन की पारी खेली और इस दौरान उन्होंने एक छक्का और 11 चौके भी लगाए का कमाल किया और ये टेस्ट में उनका पहला शतक भी रहा।

इस पारी के बाद कामरान अकमल डेब्यू टेस्ट में चौथे नंबर पर खेलते हुए शतक लगाने वाले वर्ल्ड के चौथे बल्लेबाज बने साथ ही पाकिस्तान के दूसरे खिलाड़ी बने। डेब्यू टेस्ट में चौथे नंबर पर कामरान से पहले पाकिस्तान के लिए सलीम मलिक ने साल 1982 में शतकीय पारी खेली थी।

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में डेब्यू मैच में चौथे नंबर पर खेलते हुए शतक लगाने का कमाल करने वाले पहले खिलाड़ी भारत के थे। नवाब ऑफ पटौदी ने साल 1932 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू टेस्ट में चौथे नंबर पर खेलते हुए शतक लगाया था। उन्होंने ये कमाल 92 साल पहले किया था। वहीं भारत की तरफ से ये कमाल गुणडप्पा विश्वनाथ भी कर चुके हैं। उन्होंने साल 1969 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू टेस्ट में चौथे नंबर पर खेलते हुए शतक लगाया था। भारत के लिए ऐसा अब तक सिर्फ इन दो खिलाड़ियों ने किया है।

# खतरे में है हरमनप्रीत कौर की कप्तानी, टी20 वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन के बाद बीसीसीआई कर सकता है बदलाव



**नई दिल्ली।** हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला टीम टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गई हैं। जिसके बाद हरमनप्रीत कौर की कप्तानी पर खतरा मंडरा रहा है। वहीं भारतीय कंट्रोल बोर्ड इस बात पर फैसला लेने के लिए पूरी तरह तैयार है कि यूएई में महिला टी20 वर्ल्ड कप से जल्दी बाहर होने के बाद भारतीय महिला टीम को नए कप्तान की जरूरत है या नहीं। हाल के वर्षों में पहली बार हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम नॉकआउट चरण तक भी नहीं पहुंच पाई और आईसीसी ट्रॉफी के लिए उनका इंतजार जारी रहा।

इंडियन एक्सप्रेस को मिली जानकारी के अनुसार बीसीसीआई चयन समिति और मुख्य कोच अमोल मजूमदार के साथ हरमनप्रीत की कप्तान के भविष्य पर चर्चा करने के लिए बैठक करेगा। साथ ही ये भी कहा जा रहा है कि, बैठक 24 अक्टूबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू होने वाले तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए टीम के चयन से पहले होगी। संयोग से, हरमनप्रीत ने 2016 में भारत की टी20 कप्तान के रूप में पदभार संभाला था, जब टीम घरेलू सरजमीं पर आयोजित टूनार्मेंट की सेमीफाइनल में जगह बनाने में विफल रही थी।

2024 के टूनामेंट से पहले हरमनप्रीत की अगुवाई में भारत नॉकआउट में जगह बनाने में कायमबा रहा है और 2020 के सीज में फाइनल में पहुंची, लेकिन जीत नहीं पाई। 2024 में एक मजबूत टीम होने के बावजूद, भारत पहले ही मैच में न्यूजीलैंड से हार गया, जिससे सेमीफाइनल में पहुंचने की उनकी संभावनाएं काफी कम हो गईं। पिछले रविवार को ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें हराकर बाहर कर दिया। हालांकि, हरमनप्रीत की जगह भारतीय टीम में सुरक्षित है, लेकिन संभावना है कि कुछ सहयोगी स्टाफ के अनुबंध को नवीनीकृत नहीं किया जाएगा।

# मुल्तान टेस्ट- बेन डकेट का शतक: इंग्लैंड का स्कोर 200 पार, पाकिस्तान पहली पारी में 366 पर ऑलआउट

**मुल्तान।** पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट मुल्तान में खेला जा रहा है। बुधवार को मुकाबले के दूसरे दिन पाकिस्तान 366 रन पर ऑलआउट हो गया। जवाब में इंग्लैंड का स्कोर भी 200 पार हो गया है। इस दौरान टीम ने 3 विकेट गंवाए। बेन डकेट शतक लगाकर आउट हुए। उन्होंने 129 बॉल पर 114 रन बनाए। उनके टेस्ट करियर की यह चौथी सेंचुरी है।

पाकिस्तान ने दूसरे दिन की शुरूआत 259/5 के स्कोर से की थी। टीम ने मंगलवार को टॉस जीतकर बैटिंग चुनी थी। पाकिस्तान के लिए अपना डेब्यू टेस्ट खेल रहे कामरान गुलाम ने शतक लगाया। उन्होंने 224 बॉल पर 118 रन की पारी खेली। उनके अलावा सईम अयूब ने 77 रन बनाए। मोहम्मद रिजवान ने 41, आमिल जमाल ने 37 नोमान अली ने 32 और आगा सलमान ने 31 रन का योगदान दिया।



इंग्लैंड से जैक लीच ने 4 विकेट झटके। ब्रायडन कार्स ने 3 विकेट लिए। मैथ्यू पॉट्स को 2 और शोएब बशीर को 1 विकेट मिला।

पहले दिन पाकिस्तान की खराब शुरूआत पाकिस्तान की शुरूआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 15 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवा दिया। अब्दुल्ला शफीक 7 रन बनाकर आउट हुए। दूसरा झटका 19 रन पर लगा। कप्तान शान मसूद 3 रन बनाकर आउट हुए। दोनों विकेट जैक लीच ने लिए। यहां से कामरान गुलाम और सईम अयूब ने पाक की पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 149 रन की साझेदारी हुई। यह साझेदारी सईम के विकेट के साथ टूटी। सईम ने 77 रन बनाए। इसके बाद सऊद शकील 4 रन बनाकर आउट हुए। दिन का आखिरी विकेट कामरान के रूप में गिरा। उन्होंने 224 बॉल पर 118 रन की पारी खेली।

पाकिस्तान पहला मैच पारी और 47 रन से हारा टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार कोई टीम 500 से ज्यादा रन बनाने के बाद भी मैच हार गई। यह रिकॉर्ड बना पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच मुल्तान में खेले गए टेस्ट मैच में।

इस टेस्ट में पाकिस्तान ने पहली पारी में 556 रन बनाए। इसके बाद इंग्लैंड की पारी शुरू हुई। हैरी ब्रुक के तिहरे और जो रूट के दोहरे शतक की बदौलत इंग्लैंड ने 823 रन बनाए। पाकिस्तान पर इंग्लैंड ने 267 रन की बढ़त ले ली।

पाकिस्तान दूसरी पारी में 220 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड ने यह मैच पारी और 47 रनों से जीत लिया। 1877 में पहली बार पहला आधिकारिक टेस्ट खेला गया था। उसके बाद पहली बार कोई टीम इस तरह से हारी है।

# बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने हेड कोच हथुरूसिंघे को सस्पेंड किया

**बांग्लादेश।** बांग्लादेश के हेड कोच चंडिका हथुरूसिंघे को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अनुशासनात्मक आधार पर सस्पेंड कर दिया है। उन्हें 48 घंटे के लिए निलंबित किया गया है और इस अवधि के बाद उन्हें तुरंत बर्खास्त कर दिया जाएगा। बोर्ड ने उन्हें कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है। वहीं बोर्ड ने फिल सिमंस को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 तक के लिए अंतरिम कोच नियुक्त किया है।भारत से टेस्ट और टी-20 सीरीज हारा बांग्लादेश बांग्लादेश बोर्ड का यह फैसला ऐसे समय आया है, जब टीम को भारत दौरे पर टी-20 और टेस्ट दोनों सीरीज गंवानी पड़ी थी। पाकिस्तान को उसी के घर पर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में हराने के बाद बांग्लादेश भारत दौरे पर आई थी। भारत में बांग्लादेश को पहले टेस्ट सीरीज में 2-0 से और उसके बाद टी-20 सीरीज में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। हथुरूसिंघे ने पिछले साल संभाला था पद श्रीलंका के पूर्व ऑलराउंडर हथुरुसिंघे को पिछले साल फरवरी में बांग्लादेश का कोच बनाया गया था।

# लेडी बैंक मैनेजर ने 20 करोड़ ठगे, खुद का कॉल सेंटर खोला

## लोगों को लोन दिलाने का झांसा दिया, पति अरेस्ट



**नोएडा करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा की दादरी थाना पुलिस ने फर्जी तरीके से क्रेडिट कार्ड व लोन करने वाले गैंग का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस दौरान दो जालसाजों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह में एक महिला बैंक मैनेजर भी शामिल है, जो अभी फरार चल रही है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। यह अब तक 15 से 20 करोड रुपए की ठगी की घटना को अंजाम दे चुके हैं।

ग्रेटर नोएडा की दादरी पुलिस ने 7 अक्टूबर को अमित राठौर नाम के युवक की हत्या का खुलासा किया था। इस दौरान पता चला कि उसके ही कुछ साथियों ने डेढ़ करोड़ रुपये के लेनदेन के विवाद को लेकर उसकी हत्या कर दी थी। जांच में पुलिस को पता चला कि यह लोग मिलकर एक गैंग चला रहे थे।

### बैंक मैनेजर फरार, पुलिस कर रही तलाश

एक कंपनी बना कर फर्जी तरीके से क्रेडिट कार्ड से लोन करने का धंधा कर रहे थे। बुधवार को पुलिस ने पूरे गिरोह का खुलासा किया। पुलिस ने गिरोह के दो जालसाजों गोविंद व विशाल को गिरफ्तार किया। इस गिरोह में एक महिला भी शामिल है, जो एक निजी बैंक में दिल्ली में मैनेजर है। फिलहाल वह फरार चल रही है।

### 206 डेबिट और क्रेडिट कार्ड बरामद



पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 206 डेबिट और क्रेडिट कार्ड, 58 पासबुक, 40 आधार कार्ड, 40 पैन कार्ड, 70 चेक बुक, 6 स्वाइप मशीन, 30 मोबाइल फोन व उसके अलावा दो कीपैड मोबाइल फोन और उसके साथ एक टाटा हैरियर गाड़ी भी बरामद की है। डीसीपी साद मिया खान ने बताया कि अमित के अलावा रामानन्द उर्फ रमेश, सचिन तंवर, अनुज यादव, हिमांशु, ओमप्रकाश, गोविंद, विशाल व उसकी पत्नी नेहा जो एक बैंक में मैनेजर है, मिलकर गिरोह चला रहे थे। यह सब लोग एक कंपनी बनाकर फर्जी तरीके से लोन दिलाने का काम करते थे।

### फर्जी नाम पता पर खुलवाते थे बैंक खाता

पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि हम आधार कार्ड में रेंट एग्रीमेंट के आधार पर फर्जी तरीके से नाम पता एवं मोबाइल नंबर बदलकर कंपनी मेफर्स फैशन प्राइवेट लिमिटेड की पे स्लिप के आधार पर बैंक में खाता खुलवाते थे। उसमें 6 से 9 महीने तक सैलरी के नाम पर एक मोटी रकम ट्रांसफर कर देते थे।

### 6 अक्टूबर को कर दी थी अमित की हत्या

गौरतलब है कि 6 अक्टूबर को पैसे के लेनदेन को लेकर ही अमित की उसके दोस्तों ने हत्या कर दी गई थी। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इस हत्याकांड के बाद इस पूरे गैंग का खुलासा हुआ है। अभी इस मामले में एक महिला बैंक मैनेजर फरार चल रही है। वहीं हत्या के मामले में एक और आरोपी फरार चल रहा है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

### बैंक से 40 से 50 लाख का लोन ले लेते थे

जिस व्यक्ति के नाम पर लोन कराया जाता था उसके नाम पर एक नया मोबाइल सिम भी खरीदा जाता था, जो बैंक में अपडेट कर दिया जाता था। मोबाइल व सिम भी यह लोग अपने पास रखते थे। सिविल स्कोर बढ़ाकर पे स्लिप के आधार पर यह लोग बैंक से 40 से 50 लाख का लोन व दो-तीन लाख रुपए की लिमिट का क्रेडिट कार्ड जारी करवा लेते थे। क्रेडिट कार्ड व बैंक खाते में आए लोन के रुपयों का एक्सेस खुद रखते थे और जिस व्यक्ति के नाम पर क्रेडिट कार्ड एवं लोन जारी होता था, उसे 40 से 50 हजार रुपये व किसी को 1 लाख तक भी दे देते थे तथा शेष राशि का यह खुद उपयोग करते थे।

### दो-तीन ईएमआई जमा कर बदल देते थे एड्रेस

बताया कि यह लोग लोन और क्रेडिट कार्ड की दो-तीन ईएमआई जमा करते थे। उसके बाद एड्रेस चेंज कर देते थे। दो-तीन महीने बाद जब ईएमआई जमा नहीं होती थी तो बैंक वाले जब दिए गए पते पर संपर्क करते थे तो एड्रेस फर्जी होने के कारण वहां पर उन्हें कोई नहीं मिलता था। मोबाइल नंबर पर भी संपर्क नहीं होता था। लोन करने पर जो रुपए बचते थे, उसे अमित इन सभी लोगों में उनके काम के हिसाब से बांट देता था। एक व्यक्ति का लोन पास होने पर इन लोगों को कमीशन के नाम पर लगभग 4 से 5 लख रुपए मिलते थे।




### वो कर रहा था डैमेज हमने ठेकेदार बना कर किया था उसे मैनेज

वैसे तो फूल वालों के यहां बिजनेस भी शिकायत का चल रहा है और सियासत भी शिकायत पर ही चल रही है। जीडीए से लेकर निगम तक शिकायती शिजरा उठा कर देख लो भगवा डांस होता मिलेगा। चर्चा है कि कांग्रेस वालों को शिकायत नही, साईकिल वालों को पब्लिक से कोई शिकायत नही, बसपा वालों को जनता से कोई शिकायत नही मगर पब्लिक ने जिस फूल को खिलाया है वो ही फूल पब्लिक को खुशबू नहीं दे रहा है। जनता की शिकायते कर रहे हैं। जिले में प्रभारी मंत्री आ जाये तो और मुख्यमंत्री आ जाये तो सभी से अफसरों की शिकायते वो ही बादस्तूर जारी हैं। जिक्र उस भगवा ठेकेदार का चला जो इन दिनो हमतुम से लेकर तुम हम सब की शिकायते कर रहा है। निगम वाले शर्मा अवर अभियंता ने ही उसका पुराना शिजरा बताया और कहा किअजी हमने ही तो उसे ठेकेदार बनाया था। रोचक खुलासा करते हुये कहा कि असल में ठेकेदारी की शुरूआत भी उसने शिकायत से की थी। उस समय डूडा के अधिकारी उसकी बिरादरी के ही साहब थे और वो उसको जानते थे लिहाजा उन्होने जेई से कहा कि इसे भी ठेका दे दो तो काम में लगा रहेगा। आज शिकायते कर रहा है कल तुम्हे ही साहब साहब करेगा। फिर ईश्वर गवाह है कि उसे काम दे दिया गया और वो ठेकेदार बन गया। मगर उसने अपना पुराना बिजनेस नही छोड़ा है और वो आज भी शिकायते करता है और फिर मामले को मैनेज करता है।

### हैंड पंप वालों का रहेगा फूल वालों की चुनाव लीला में कितना रोल

आफ्टर ऑल चुनावी रणभेरी बज गई और गठबंधन का सीन भी दोनो प्रमुख दलों में रहना है। फूल वालों के साथ हैंडपंप वाले रहेगें और हाथ वालों के साथ साईकिल वालो का सहयोग रहेगा। अब तफरी लेने वाले भी भला कहां चूकते हैं और वो पूछ रहे है कि सहयोग ऐसे ही होगा जैसे लोकसभा में हुया या इस बार कुछ अलग फारमेट होगा। लोकसभा में फूल वालों ने ट्रक के हिसाब से मिनरल वाटर मंगाया था लिहाजा उन्होने हैंडपंप का पानी देहात में भी नही पिया। हैंडपंप वाले भी इस बात से पानी पानी होकर मोदीनगर में प्रचार कर रहे थे। सीन शहर वाले उपचुनाव में भी यहीं रहने वाला है। फूल वाले ही बता रहे हैं कि पहले तो हम ही अपना अपना रोल तय कर लें फिर तय करेगें कि ये जो सियासी सहयोग वाले आ रहे हैं इन्हे कहां और कैसे उपयोग करना है। हर गली मौहल्ले में तो हमारे फूल बैठे हैं और ऐसे में हम इन्हे कहां यूज करेगें। वैसे फूल वाले ने ही ऑफ द रिकार्ड कहा कि जरूरत तो हमें हैं नही लेकिन अगर उनके कोई चौधरी आ कर बैठ जायेगें, खुद ही जिन्दाबाद करेगें तो हम उन्हे इन्कार भी नही करेगें।

### इनका हुया टिकट तो ही नवयुग मार्किट में रहेगा चुनावी दफ्तर

भगवा गढ़ में कहा जाता है कि इधर फेस नही फूल चुनाव लड़ता है और लड़वाता है। चुनाव की डेट आई है तो चुनाव का फेस भी आ ही जायेगा। फूल वालों ने ही बताया कि बचे हुये सामान से ही कल्याण हो जायेगा। लोकसभा वाले झंडे रखे हैं और चाय की केतली से लेकर कड़ाही तक सब रखी हैं। बताने वाले बता रहे हैं कि नवयुग मार्किट वाला दफ्तर ही फूल वालों का चुनावी दफ्तर रहेगा। लेकिन यहां सीन कंडीशन का हो गया है। अगर उनका टिकट हुया तो इनके वाले इंतजाम कमरें में ही बंद रहेगें और इनका टिकट हुया तो दफ्तरी डेंगला जी से लेकर पूरी टीम मय साजो सामान मिलेगी।

# दाखिले के नाम पर 200 से ठगी, दो गिरफ्तार

## 100% स्कालरशिप और लैपटॉप का देते थे लालच



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में एक्सप्रेस वे पुलिस ने स्कूल व कॉलेजों में बच्चों को एडमिशन कराने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक काल सेंटर का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग सोशल मीडिया और अन्य माध्यम से 10वीं और 12वीं के छात्रों का डेटा लेकर उनको फोन करके नामी गिरामी स्कूल और कॉलेज में दाखिला दिलाने का वादा करते थे। ये कॉलसेंटर नोएडा में करीब 4 महीने से संचालित हो रहा था। अब तक 200 से ज्यादा छात्रों को ठगी का शिकार बना चुके है। साथ ही 100 प्रतिशत स्कालरशिप और साथ में एक लैपटॉप का लालच भी देते थे। पुलिस ने 5 लैपटॉप, 5 एंड्रॉयड फोन, 09 की-पैड मोबाइल और 32 सिम कार्ड बरामद किए है। इससे पहले ये चेन्नई में कॉल सेंटर चलाकर बच्चों के साथ ठगी करते थे। डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि अपराधियों की पहचान मौहम्मद रिजवान और चिरंजीव हुई है। काफी दिनों से दाखिले के नाम पर फर्जी वाड़ा की शिकायत मिल रही थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने एबीसी बिल्डिंग टावर नंबर-4 आफिस नंबर 513 पर छापा मारा। यहां कॉल किए गए छात्रों की सूची, छात्र व आरोपियां के बीच चैट के स्क्रीनशॉट्स मिली। इनके खातों की जांच में सामने आया कि ये लोग छात्रों से दाखिले के नाम पर मोटी रकम वसूल करते थे।

### फर्जी प्रमाण पत्र दिखाकर फंसाते थे

उन्होंने बताया कि इन लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी फर्जी वेबसाइट बनाई थी। छात्रों के खरीदे गए डेटा से मिले नंबर पर ये लोग फोन करके 100 प्रतिशत स्कालरशिप एवं प्रत्येक एडमिशन पर एक लैपटॉप देने का लालच देते है। विश्वास में लेने के लिए ये लोग आईटी यूनिवर्सिटी और इंजीनियरिंग कालेज से फर्जी एमओयू आदि छात्रों को दिखा कर उसका प्रचार प्रसार कर एडमिशन कराने के लिए सहमत करते है। एक बार छात्र के फंसने पर ये काउंसिलिंग फीस व स्कूल फीस के नाम पर उनसे पैसा ट्रांसफर कराते थे।

# जेएमएसआईटी ने मोटिवेशनल व लाइफ स्किल सेमिनार कराया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संस्थान अपने छात्र-छात्राओं के चहुंमुखी विकास व विश्व स्तरीय गुणवत्ता निर्माण के लिए कृत संकल्प है, और इसके लिए सदैव प्रयास करता रहता है। इसी श्रृंखला में संस्थान के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए मोटिवेशन और लाइफ स्किल से संबंधित एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन कराया गया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर निधि मलिक (प्रिंसिपल जेएमएस वर्ल्ड स्कूल हापुड़) रहीं। संस्थान के ऑडिटोरियम में सर्वप्रथम डॉ. निधि मलिक व कैंपस मैनेजर डॉ. गौरव शर्मा ने माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने वक्तव्य में डॉक्टर निधि मलिक ने छात्र-छात्राओं को सफलता के लिए आत्म अवलंबन का महत्व, प्रकृति व जीव जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता, आत्म अनुशासन से विश्व स्तरीय गुणों के निर्माण, पारिवारिक संबंधों का पोषण, समय का सदुपयोग, अपने स्वास्थ्य की रक्षा आदि विषयों पर महत्वपूर्ण उद्बोधन दिया। छात्र-छात्राओं ने भी अपने अनुभव और विचार उत्साहपूर्वक व्यक्त किए। इस प्रकार द्विपक्षीय वार्ता के सुंदर माहौल में विद्यार्थियों ने अपने सीखने के अनुभव का खूब आनंद लिया तथा डॉक्टर निधि मलिक को पुनः आगमन और ऐसे सेमिनार में मार्गदर्शन करने का निवेदन भी अनेक छात्र-छात्राओं ने किया। अपने क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा ऐसे कार्यक्रम छात्र-छात्राओं की सजगता व स्वस्थ आदतों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

# चार लाख की शराब पकड़ी, ड्रम्स में की जा रही थी तस्करी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद कमिश्नरेट के साहिबाबाद थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तस्करी की अंग्रेजी शराब ले जा रहे कैंटर को पकड़ा है। कैंटर से करीब चार लाख रुपये की शराब बरामद कर पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। कैंटर में सील पैक करके रखे गए पोटेशियम सल्फेट के ड्रम्स में लकड़ी का बुरादा भरकर बोतलें छिपाई गई थीं। पैकिंग देखकर तो एक बारगी पुलिस को भी यही लगा कि ड्रम्स में पोटेशियम सल्फेट भरा होगा, लेकिन ड्रम खोल देखा गया तो तस्करी का भंडाफोड़ हुआ। पुलिस ने शराब भरे कैंटर को हिरासत में लेकर उसमें तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कैंटर के मालिक को तलाश कर रही है। डीसपी (ट्रांस हिंडन जोन) निमिष पाटिल साहिबाबाद थाने में प्रेसवार्ता के दौरान मामले का खुलासा का खुलासा किया।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में संपन्न हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल सामाजिक जागरूकता को लेकर सदैव पहल करता है। इसी कड़ी में बुधवार को विद्यालय की प्राइमरी कक्षाओं की वृक्षारोपण गतिविधि प्रत्यक्ष रूप से संपन्न हुई। यह गतिविधि प्राइमरी विंग के कक्षा पांच के छात्रों की देखरेख में संपन्न हुई। कार्यक्रम में पल्लवी सिंह डिप्टी असिसटेंट म्यूनिसिपल कमिश्नर गाजियाबाद ने शिरकत की जो विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। प्राइमरी विंग के कक्षा चार के छात्रों ने भी इसमें हिस्सा लिया।

विद्यालय की एक्जीक्यूटिव हैड सुजैन होम्स ने समस्त अभिभावकों तथा उपस्थित छात्रों का स्वागत किया। कार्यक्रम के आरंभ में पल्लवी सिंह ने छात्रों को म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन के कार्यों को समझाया। इसके बाद उन्होंने पेड़-पौधों के महत्वपूर्ण योगदान को बताया। सभी छात्रों ने शास्त्री नगर के पार्क की मिट्टी को सही करके पौधे लगाए। छात्रों के साथ विद्यालय की एक्जीक्यूटिव हैड सुजैन होम्स, प्रशासनिक निदेशक के.पी. सिंह ने तथा पल्लवी सिंह ने भी वृक्षारोपण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों ने यह भी संदेश दिया कि पेड़ हमारे जीवन में कितने महत्वपूर्ण हैं। उनका नारा था पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ। अंत में विद्यालय के प्रशासनिक निदेशक के.पी. सिंह ने विशेष अतिथि पल्लवी सिंह का सम्मान का उन्हें पौधा प्रदान किया।

# युवती को 20 घंटे तक बनाया डिजिटल अरेस्ट

## पार्सल में ड्रग्स होने और जेल भेजने का दिखाया डर, 11.50 लाख रुपए ठगे

**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में एक युवती को डिजिटल अरेस्ट कर लिया गया। विदेश भेजे जा रहे पार्सल में ड्रग्स समेत अन्य आपत्तिजनक सामान होने का डर दिखाकर साइबर जालसाज ने युवती से 11.50 लाख रुपए ऐंठ लिए। ठगों के कहने पर युवती ने पांच लाख रुपए का पर्सनल लोन भी लिया।

ठगी की जानकारी होने के बाद युवती ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने की पुलिस से की। युवती को ठगों ने स्काइप कॉल के जरिए करीब 20 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा। जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस उन खातों की जानकारी एकत्र कर रही है।

### पार्सल में बताया गया ड्रग्स

शिकायत में सेक्टर-44 स्थित गॉर्डन ग्लोरी सोसाइटी निवासी रिद्धिमा गोयल ने बताया कि बीते दिनों उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। जैसे ही युवती ने कॉल उठाई एक ऑटोमेटेड मैसेज के जरिए उसे बताया कि गया कि उसके इंटरनेशनल फेडेक्स पार्सल को निरस्त कर दिया गया है।

इसके बाद कॉल कस्टमर केयर के अधिकारियों को ट्रांसफर कर दी गई। यहां युवती को बताया गया कि उसके नाम से जो पार्सल विदेश जा रहा था उसे मुंबई पोर्ट पर पकड़ा गया है। उसमें ड्रग्स समेत अन्य आपत्तिजनक सामान है।



### ड्रग्स तस्करी के आरोप में जेल भेजने का दिखाया डर

युवती ने जब कहा कि उसने कोई पार्सल भेजा ही नहीं है तो कॉल मुंबई साइबर क्राइम थाने के लिए ट्रांसफर कर दी गई। यहां के एक पुलिसकर्मी ने कॉल नारकोटिक्स मुंबई के अधिकारी को कॉल ट्रांसफर की। इसके बाद युवती को ड्रग्स की तस्करी करने के आरोप में जेल जाने की धमकी दी गई और स्काइप कॉल से जुड़ने के लिए बाध्य किया गया। युवती को डिजिटल अरेस्ट करने के बाद कॉल सीधे डीजीपी को ट्रांसफर कर दी गई। कथित डीजीपी ने महिला की छवि को बर्बाद करने की धमकी दी। बताया गया कि उसकी जिंदगी खतरे में है।

### आधार कार्ड के जरिए 8 करोड़ की मनिलॉड्रिंग

इस दौरान शिकायतकर्ता को यह भी बताया कि उसके आधारकार्ड का लिंक आठ करोड़ रुपये के मनि लॉड्रिंग केस में हुआ है। इसके बाद खातों की जांच के लिए महिला से सेविंग अकाउंट में जमा सारी रकम जालसाजों द्वारा बताए गए खाते में ट्रांसफर करने के लिए कहा गया।

जांच के बाद रकम मूल खाते में फिर से लौटाने की बात कथित अधिकारियों द्वारा कही गई। महिला ने ठगों द्वारा बताए गए खाते में साढ़े छह लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए।


### पांच लाख रुपए का लिया लोन

इसके बाद जेल जाने से बचने के लिए पांच लाख रुपए और ट्रांसफर करने के लिए कहा गया। महिला ने जब कहा कि उसके पास पैसे नहीं हैं तो ठगों ने पर्सनल लोन लेने के लिए कहा। महिला ने पांच लाख रुपए का पर्सनल लोन लिया और ठगों द्वारा बताए गए खाते में फिर से रकम ट्रांसफर कर दी। जब महिला पर और पैसे ट्रांसफर करने का दबाव बनाया जाने लगा तब उसे ठगी की आशंका हुई। उसके बाद उसने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने की पुलिस से की।




# पटाखों से कितना दूर रहेगी खाकी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में अभी से कई थानाक्षेत्रों में पटाखे को लेकर कार्रवाई शुरू हो गई है। अभी हालांकि सरकार और एनजीटी की ओर से पटाखों को लेकर कोई आदेश नहीं आया है लेकिन पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि पटाखे को लेकर पुलिस कमिश्नरेट अभी से सतर्कता बरत रही है। इसके साथ ही कई थानाक्षेत्रों में पुलिस लगातार मुखबिरों की सूचना के बाद पटाखे की सप्लाई और बनाने वालों पर एक्शन लेना भी शुरू कर दिया गया है। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि कई थानाक्षेत्रों में अभी से पटाखे का स्टोरेज वाला मामला शुरू हो गया है। सुनने में आ रहा है कि सिटी से लेकर नदियापार व लाइनपार में कोई पटाखे के लिए गोदाम बना रहा है, तो कोई गुप्त स्थान को तलाश रहा है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि हर बार की तरह इस बार भी चाहे रोक हो या बेरोक टको आतिशबाजी बिकने का मामला तो रहेगा ही लेकिन खाकी का इंवॉल्वमेंट कितना और किस हद वाला होगा देखने वाली बात रहेगी। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं यह देखना होगा कि पटाखों से खाकी कितना दूर रह पाती है, वैसे सुनने में आया है कि पटाखे की बिक्री और परमिशन का मामला वायु प्रदूषण की गुणवत्ता पर निर्भर करेगा। दशहरे के बाद से वायु प्रदूषण की स्थिति में बदलाव आना शुरू हो गया है। मौसम बदल रहा है तो धूल की मात्र भी वायुमंडल में बढ़नी शुरू हो गई है। मामला साफ है कि अगर धूल का प्रकोप बढ़ा और वायु प्रदूषण की स्थिति बिगड़ती है, तो आने वाले दिनों में लोगों को दमघोंटू माहौल में सांस लेनी होगी और इसका असर पटाखे की मिलने वाली अनुमति पर भी देखने को मिलेगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि इस बार फायर वालों से ज्यादा मुख्यालय वाले साहब के ऑफिस की चलेगी। सुनने में आया है कि कई पटाखे वाले पुराने पटाखा लाइसेंस और परमिशन की फोटो स्टेट लेकर आजकल थानाक्षेत्रों में एक्टिव वाले मोड पर आ गए हैं। उधर सूत्र कह रहे हैं कि शहर में लगने वाले पटाखा मार्केट इस बार गुलजार रहते हैं या नहीं यह देखा जाना भी अभी शेष है। पर पटाखे की परमिशन और विदाउट परमीशन वाले मामले में खाकी की स्थिति पर काफी कुछ निर्भर करेगी कि कमिश्नरेट में मामला क्या रहा है।



# पंचायत में किसानों का ऐलान 'चार गुना मुआवजा नहीं मिला तो नहीं देंगे जमीन'

## निवाड़ी में कृषि भूमि के अधिगृहण को लेकर लामबंद

**मोदीनगर करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम कस्बा निवाड़ी में कृषि भूमि के अधिगृहण को लेकर किसान लामबंद होना शुरू हो गए हैं। बुधवार को किसानों ने पंचायत कर चार गुना मुआवजा व अन्य सुविधा देने पर ही भूमि देने की बात कही है।

कस्बा निवाड़ी में एक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। किसान नेता राजभूषण त्यागी उर्फ लाला, सतेन्द्र त्यागी, अंकित त्यागी ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम कस्बा निवाड़ी में 1900 बीघा से अधिक कृषि भूमि का अधिगृहण कर रहा है।



उन्होंने बताया कि पहले तय हुआ था कि सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा दिया जाएगा। लेकिन अब पता चला कि सिर्फ दो गुना मुआवजा देने की बात कही जा रही है। किसानों ने कहा कि किसी भी कीमत पर दो गुना मुआवजे पर भूमि नहीं दी जाएगी।

### बात नहीं मानी तो आंदोलन

चाहे इसके अलावा बडे स्तर पर आंदोलन क्यों ना करने पड़े। किसानों का कहना है कि मुआवजे के अलावा पुनार्वास राशि, पांच प्रतिशत विकसित भूमि सहित अन्य सुविधाएं भी मिलनी चाहिए। किसानों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि किसी भी कीमत पर अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

अगर प्रशासन अपनी जिद पर अड़ा रहा है कि किसान मुख्यमंत्री दरबार में जाकर न्याय की गुहार लगाएंगे। इस मौके पर जयकुमार फौजी, कृष्णापाल सिंह, अनु त्यागी, विनोद खलीफा, अरुण त्यागदी, सभासद मागेश्व, नीतू सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# पाइप फैक्ट्री में मजदूर का शव रखकर हंगामा...संचालक भागा

- मुआवजे की मांग को लेकर दो घंटे प्रदर्शन, सोमवार को क्रेन की चेन टूटने से हुआ था हादसा

**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर भोजपुर के गांव दतैड़ी स्थित पाइप की फैक्ट्री में हुई मजदूर प्रदीप की मौत हो गई थी। परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव को फैक्ट्री में रखकर हंगामा किया। इस बीच संचालक फैक्ट्री छोड़कर फरार हो गया। दो घंटे तक हंगामा प्रदर्शन चलता रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा देकर आक्रोशित परिजनों को शांत कराया।

जनपद हापुड़ के बाबूगढ़ छावनी स्थित नई बस्ती कॉलोनी निवासी प्रदीप कुमार (36) पुत्र चमनलाल भोजपुर के गांव दतैड़ी गांव स्थित गाजियाबाद के पटेल नगर निवासी राजेश अग्रवाल की सीमेंट के पाइप बनाने की फैक्ट्री प्रकाश पाइप में मजदूरी करते थे। भाई रोहित ने बताया कि प्रदीप करीब 15 वर्ष से मजदूरी कर रहे थे। प्रदीप सोमवार दोपहर क्रेन के माध्यम से पाइप एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जा रहे थे। तभी क्रेन की चेन टूटने के कारण प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए गाजियाबाद स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।



### दो घंटे तक चला हंगामा, फैक्ट्री संचालक ने बंद किया फोन

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर फैक्ट्री पहुंच गए और मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। आक्रोशित लोगों ने फैक्ट्री संचालक के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। संचालक वहां से फरार हो गया और मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर दिया। इससे परिजनों का गुस्सा और बढ़ गया। वे धरना देकर बैठ गए।

करीब दो घंटे तक हंगामा चलता रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया। लोगों ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री में सुरक्षा मानक पूरे नहीं थे, अगर सुरक्षा मानक पूरे होते तो हादसा नहीं होता। एसीपी मोदीनगर मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# 'जांच में सहयोग करना सही रहेगा', भारत के साथ विवाद में कनाडा के समर्थन में उतरा ब्रिटेन



**लंदन ।** भारत और कनाडा के बीच जारी राजनयिक विवाद के बीच ब्रिटेन की सरकार का बड़ा बयान सामने आया है। ब्रिटेन की सरकार ने कहा है कि कनाडा की कानूनी प्रक्रिया में सहयोग करना भारत के लिए सही रहेगा। ब्रिटेन के कॉमनवेल्थ एंड डेवलेपमेंट ऑफिस की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि वे कनाडा की सरकार के संपर्क में हैं और उन्हें कनाडा की न्यायिक व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। ब्रिटेन ने कहा कि कनाडा ने जो आरोप लगाए हैं, वे बेहद गंभीर हैं।

गौरतलब है कि भारत और कनाडा के बीच राजनयिक विवाद जारी है। कनाडा के आरोपों के बाद भारत ने कनाडा से अपने राजनयिकों को वापस बुला लिया था और कनाडा के छह राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था।

कनाडा ने भारतीय उच्चायुक्त को लेकर गंभीर आरोप लगाए थे। जिसके बाद भारत ने यह कदम उठाया। भारत ने ये भी कहा कि कनाडा की सरकार वोट बैंक की राजनीति के लिए ये आरोप लगा रही है। वहीं ब्रिटेन का कनाडा के समर्थन में यह बयान ब्रिटिश पीएम कीर स्टर्मर और कनाडा के पीएम जस्टिस ट्रूडो के बीच फोन पर हुई बातचीत के दो दिन बाद सामने आया है।

### फाइव आईज समूह का हिस्सा हैं कनाडा और ब्रिटेन

ब्रिटेन और कनाडा फाइव आईज समूह का हिस्सा हैं। खुफिया जानकारी साझा करने वाले समूह में ब्रिटेन और कनाडा के अलावा ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अमेरिका भी शामिल हैं। ब्रिटेन ने अपने बयान में कहा कि 'कनाडा ने जो गंभीर किस्म के आरोप लगाए हैं और जिनकी कनाडा की सरकार द्वारा जांच की जा रही है, उन्हें लेकर हम अपने कनाडाई सहयोगियों के संपर्क में हैं।

ब्रिटेन को कनाडा की न्याय व्यवस्था में पूरा भरोसा है और संप्रभुता का सम्मान और कानून का शासन जरूरी है। भारत सरकार के लिए कनाडा की जांच और न्यायिक प्रक्रिया में सहयोग करना ही अगला सही कदम होगा।'

# जयशंकर के पहुंचते ही पाकिस्तान ने जताई द्विपक्षीय बैठक की इच्छा, कहा- हम वही करेंगे जो मेहमान चाहेंगे

**इस्लामाबाद ।** शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मलेन में हिस्सा लेने के लिए विदेश मंत्री एस. जयशंकर मंगलवार को पाकिस्तान के इस्लामाबाद पहुंच चुके हैं। यह भारत के किसी विदेश मंत्री की तरफ से नौ साल बाद पाकिस्तान का दौरा है।

जयशंकर के पाकिस्तान पहुंचने के कुछ घंटो बाद ही पाकिस्तान ने दबे मुंह भारत के साथ द्विपक्षीय बैठक करने की इच्छा जताई है। पाकिस्तान के योजना और विकास मंत्री अहसान इकबाल ने कहा कि यह भारत को तय करना है कि वह सम्मेलन से इतर पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय बैठक करना चाहता है या नहीं।



### द्विपक्षीय बैठक की जताई इच्छा

पाकिस्तान भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों के बीच द्विपक्षीय बैठक का प्रस्ताव रखना चाहेगा, इस सवाल का जवाब देते हुए पाकिस्तान के मंत्री अहसान इकबाल ने कहा कि एससीओ बैठक के मेजबान के रूप में, इस्लामाबाद वही करेगा जो मेहमान चाहेंगे। हम प्रस्ताव नहीं दे सकते। हमें मेहमानों के अनुसार चलना होगा। अगर मेहमान द्विपक्षीय बैठक चाहते हैं, तो हम निश्चित रूप से बहुत खुश होंगे। अहसान इकबाल ने आगे कहा कि बतौर मेजबान हम वास्तव में किसी पर यह दबाव नहीं डाल सकते कि वे द्विपक्षीय बैठक चाहते हैं या नहीं।

**दोनों पक्ष कर चुके हैं शिखर सम्मेलन से इतर किसी भी बैठक से इनकार :** बता दें कि इससे पहले भारत और पाकिस्तान दोनों ही एससीओ सम्मेलन से इतर किसी भी बैठक से इनकार कर चुके हैं। वहीं, प्रेस कांफ्रेंस के दौरान जब यह पूछा गया कि पाकिस्तान भारत के साथ व्यापारिक संबंध बहाल करना चाहेगा या नहीं, इस पर इकबाल ने कहा कि दोनों पक्षों को लाहौर समझौते के अनुसार ही काम करना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि अगर हम लाहौर समझौते के मुताबिक चलेंगे तो ऐसी कोई समस्या नहीं होगी जो मिलकर हल न की जा सके।

जयशंकर के पाकिस्तान दौरे को इस्लामाबाद में भारत के सकारात्मक कदम के तौर पर देखा जा रहा है। पाकिस्तान इस साल 15 और 16 अक्तूबर को एससीओ समिट का आयोजन कर रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर का पाकिस्तान में रेड कारपेट पर स्वागत हुआ। गौरतलब है कि बीते नौ वर्षों में कश्मीर और सीमापार आतंकवाद के मुद्दों को लेकर दोनों देशों के रिश्ते ठंडे रहे हैं। ऐसे में किसी भी भारतीय मंत्री की तरफ से पाकिस्तान का दौरा दूर की कौड़ी ही रहा।

बता दें कि पाकिस्तान जाने वाली आखिरी विदेश मंत्री सुषमा स्वराज रही थीं। वे दिसंबर 2015 में अफगानिस्तान पर एक कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने के लिए इस्लामाबाद पहुंचीं थीं।

**द्विपक्षीय बैठक की जताई इच्छा**

पाकिस्तान भारत और पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों के बीच द्विपक्षीय बैठक का प्रस्ताव रखना चाहेगा, इस सवाल का जवाब देते हुए पाकिस्तान के मंत्री अहसान इकबाल ने कहा कि एससीओ बैठक के मेजबान के रूप में, इस्लामाबाद वही करेगा जो मेहमान चाहेंगे। हम प्रस्ताव नहीं दे सकते। हमें मेहमानों के अनुसार चलना होगा। अगर मेहमान द्विपक्षीय बैठक चाहते हैं।

# एयर इंडिया के यात्रियों को लेकर कनाडाई वायुसेना का विमान अमेरिका पहुंचा

## बम की धमकी मिलने के कारण विमान को इकालुइट एयरपोर्ट की ओर मोड़ दिया था

### 15 अक्तूबर को मिली थी बम से उड़ाने की धमकी



**ओटेवा ।** 15 अक्तूबर यानी कल कई विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इस धमकी के बाद हड़कंप मच गया और सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आ गई थीं। विमानों को नजदीकी एयरपोर्ट पर उतारा गया और उसके बाद गहन जांच की गई।

जिन विमानों को उड़ाने की धमकी मिली थी उसमें दिल्ली से शिकागो के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट अक्127 भी थी। इसे सुरक्षा खतरे की जानकारी के बाद एहतियाती तौर पर कनाडा के इकालुइट एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया था। हालांकि, अब अच्छी खबर यह है कि इस विमान में फंसे यात्रियों को कनाडाई वायुसेना के एक विमान ने शिकागो पहुंचा दिया है।

### कुछ घंटे बाद भरी उड़ान

बम की धमकी मिलने के कारण विमान को इकालुइट एयरपोर्ट की ओर मोड़ दिया था। इसके बाद कनाडाई वायुसेना के एक विमान ने एयर इंडिया के विमान में फंसे यात्रियों को लेकर शिकागो की ओर उड़ान भरी। बता दें, विमान में चालक दल के 20 सदस्य समेत 211 यात्री सवार थे। विमान को इकालुइट ले जाने के 18 घंटे से अधिक समय बाद यात्रियों को शिकागो ले जाया गया।

### इस समय पहुंचेगा विमान

एयर इंडिया ने बुधवार को जानकारी दी की 15 अक्तूबर को कनाडा के इकालुइट की ओर डायवर्ट की गई उड़ान अक्127 के यात्री अपने गंतव्य यानी शिकागो जा रहे हैं। यात्रियों को कनाडाई वायुसेना के विमान से ले जाया जा रहा है। विमान ने इकालुइट से तीन बजकर 54 मिनट (वैश्विक समय रात करीब 11 बजकर 54 मिनट पर) पर उड़ान भरी थी।

एक अधिकारी ने बताया कि यात्री हाथ में ले जा सकने वाले सामान के साथ कनाडाई वायु सेना के विमान में सवार हुए हैं। बाकी का उनका सामान एयर इंडिया के एक विमान से शिकागो ले जाया जाएगा।

दिल्ली से शिकागो जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट में बम की अफवाह के बाद उसे कनाडा के इकालुइट एयरपोर्ट पर उतारा गया था। हालांकि जांच के बाद बम से उड़ाने की खबर अफवाह निकली।

बताया जा रहा कि सोशल मीडिया के जरिए किसी ने कई विमानों को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। इससे पहले जयपुर से अयोध्या होते हुए बेंगलुरु जा रही एयर इंडिया की एक और फ्लाइट को भी बम की अफवाह मिली थी।

### क्या बोली थी एयर इंडिया?

बम की धमकियों के बाद एयर इंडिया ने बयान जारी किया था।

# इमरान खान की पूर्व पत्नी जेमिमा को मिल रहीं दुष्कर्म की धमकियां, पीएमएनएल सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम और पीटीआई प्रमुख इमरान खान की पत्नी जेमिमा गोल्डस्मिथ ने उनकी सेहत को लेकर चिंता जाहिर की है। जेमिमा ने इमरान खान को जेल से रिहा करने, उनके परिवार से बात करने की अनुमति देने की मांग की। जेमिमा गोल्डस्मिथ ने दावा किया कि पाकिस्तान में विरोध को शांत करने के लिए इमरान खान पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए हैं। जेमिमा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में ये आरोप ऐसे वक्त लगाए हैं, जब पाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक चल रही है।



### जेमिमा ने पीएमएलएन सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

इमरान खान बीते एक साल से भी ज्यादा समय से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं और उनके खिलाफ कई मामले चल रहे हैं। एससीओ बैठक के दौरान किसी भी तरह के विरोध प्रदर्शन को रोकने और सुरक्षा कारणों से पंजाब की सरकार ने 7 अक्तूबर से लेकर 18 अक्तूबर तक इमरान खान के किसी से भी मिलने पर रोक लगा दी थी। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए जेमिमा गोल्डस्मिथ ने लिखा कि बीते कुछ वर्षों से पाकिस्तान की सत्ताधारी पार्टी पीएमएलएन के समर्थकों द्वारा उन्हें सोशल मीडिया पर प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्हें दुष्कर्म की धमकियां मिल रही हैं।

**जेमिमा ने इमरान को अलग-थलग करने का लगाया आरोप** :ब्रिटेन की नागरिक जेमिमा गोल्डस्मिथ ने साल 1995 में इमरान खान से शादी की थी और साल 2004 में दोनों का तलाक हो गया था। दोनों की शादी से दो बेटे हैं, जो ब्रिटेन में रहते हैं। जेमिमा ने जेल में इमरान खान को अलग-थलग करने का आरोप लगाया और दावा किया कि जेल में इमरान की सेल की बिजली बंद कर दी गई है ।

उन्हें अपनी सेल से बाहर निकलने की भी इजाजत नहीं है। साथ ही उनके रसोइये को भी छुट्टी पर भेज दिया गया है।

# एससीओ बैठक में पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर पीएम शहबाज शरीफ से मुस्कुराकर बात करते दिखे

**इस्लामाबाद ।** शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में शामिल होने के लिए भारतीय विदेश मंत्री इस्लामाबाद स्थित जिन्ना कन्वेंशन सेंटर पहुंच गए हैं। कन्वेंशन सेंटर में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर का स्वागत किया। इस दौरान जयशंकर पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री इशाक डार से भी हाथ मिलाकर कुछ बात करते हुए दिखाई दिए। एस जयशंकर ने पाकिस्तान प्रधानमंत्री का मुस्कुराकर अभिवादन किया। सभी नेताओं का हुआ ग्रुप फोटो शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में शामिल हो रहे सभी नेताओं के औपचारिक स्वागत के बाद एक ग्रुप फोटो हुआ। जिसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और



मंगोलिया के पीएम ओयुन एर्डेन और भारतीय विदेश मंत्री समेत अन्य नेता शामिल हुए।

### भारतीय उच्चायोग में लगाया पेड़

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के पाकिस्तान दौरे का आज दूसरा दिन है। विदेश मंत्री ने आज सुबह पाकिस्तान स्थित भारतीय उच्चायोग में सुबह की सैर का आनंद लिया। साथ ही 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत उच्चायोग में पेड़ भी लगाया। गौरतलब है कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक आज जिन्ना कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हो रही है, जिसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सभी सदस्य देशों के नेताओं का स्वागत किया। इसके बाद सभी नेताओं की ग्रुप फोटो ली गई और बैठक में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री संबोधन की शुरूआत करेंगे।

**दोपहर में आधिकारिक भोज में हिस्सा में लेंगे विदेश मंत्री :** एससीओ बैठक के दौरान विभिन्न नेताओं के संबोधन के बाद कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इसके बाद पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री इशाक डार और एससीओ के महासचिव झांग मिंग मीडिया से बात कर सकते हैं। इसके बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री सभी मेहमानों के सम्मान में आधिकारिक भोज का आयोजन करेंगे।

# कमला हैरिस ने ट्रंप की मानसिक सेहत को लेकर उठाए सवाल

**वॉशिगटन ।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रचार प्रसार अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। वहीं



अभी तक आक्रामक दिखाई दे रहे डोनाल्ड ट्रंप पर लगता है कि चुनाव प्रचार की थकान हावी होने लगी है। यही वजह है कि कमला हैरिस ने डोनाल्ड ट्रंप की सेहत को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। हाल ही में कमला हैरिस ने डोनाल्ड ट्रंप की बढ़ती उम्र को लेकर निशाना साधा था ।

# भारत के खिलाफ आरोपों पर कनाडा के पक्ष में अमेरिका, कहा- जांच में नहीं कर रहा सहयोग

**वॉशिगटन ।** खालीस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर मामले को लेकर भारत और कनाडा के बीच तनाव चरम पर है। इस बीच अमेरिका ने आरोप लगाया है कि भारत कनाडा के साथ जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया है कि भारतीय सरकार के अधिकारी निज्जर की हत्या में शामिल थे।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, जब कनाडाई मामले की बात आती है, तो हमने स्पष्ट कर दिया है कि आरोप बेहद गंभीर हैं और उन्हें गंभीरता से लेने की जरूरत है। हम चाहते थे कि भारत सरकार कनाडा को उसकी जांच में सहयोग दे। जाहिर है, उन्होंने वह रास्ता नहीं चुना है।

### आतंकी पन्नू मामले में भारत के रुख पर बोले मैथ्य मिलर



इस मौके पर मैथ्यू मिलर ने आतंकी गुरपतवंत पन्नू की हत्या की साजिश मामले में भी भारत का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि भारत ने कहा है कि वह एक अमेरिकी नागरिक की हत्या की साजिश के आरोपों को गंभीरता से ले रहा है। अमेरिका के दौरे पर आई भारतीय जांच समिति के अधिकारियों ने विदेश विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की।

मिलर ने कहा, हालांकि मेरे पास अभी तक बैठक के बारे में कोई विवरण नहीं है। कहा, 'यह बैठक पिछले कई महीनों में भारत सरकार के साथ वरिष्ठतम स्तरों पर की जा रही बातचीत के सिलसिले में थी।' एक सवाल के जवाब में मिलर ने कहा कि भारतीय जांच समिति के अधिकारियों ने हमें बताया है ।

# हिजबुल्ला ने इस्राइल पर दागे 50 से ज्यादा रॉकेट

## अमेरिका ने दी हथियारों की सप्लाई रोकने की धमकी



**तेल अवीव ।** इस्राइली सेना ने कहा है कि लेबनान की तरफ से बीती रात उनके साफेद इलाके में 50 से ज्यादा रॉकेट्स दागे। हालांकि इन हमलों में किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। इस्राइली सेना ने बताया कि देर रात करीब 1.40 बजे के करीब लेबनान की तरफ से हमला हुआ। हालांकि अधिकतर रॉकेट को इस्राइल की हवाई सुरक्षा द्वारा हवा में ही तबाह कर दिया गया। कुछ रॉकेट रिहायशी इलाकों में गिरे, लेकिन उनसे भी कुछ खास नुकसान नहीं हुआ। हिजबुल्ला ने एक बयान जारी कर इस हमले की जिम्मेदारी ली है।

### आतंकी हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत

इस्राइल के तटीय शहर अशोद में मंगलवार को हुए एक आतंकी हमले में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए। दरअसल मंगलवार को एक आतंकी ने लोगों पर अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। इस गोलीबारी में फर्स्ट सार्जेंट आदिर कदोश (33) गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल ले जाते हुए उनकी मौत हो गई। आतंकी की पहचान 28 साल के मोहम्मद दारदौना के रूप में हुई है।

**अमेरिका ने इस्राइल को दी चेतावनी**

बताया जा रहा है कि आतंकी गाजा के जाबालिया का निवासी था और फिलहाल वेस्ट बैंक में रह रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी पैदल ही इस्राइली इलाके में दाखिल हुआ और जब पुलिस ने उसे देखकर रुकने का इशारा किया तो उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। एक एंबुलेंस ड्राइवर ने आतंकी को गोली मार दी।

# 'दो अरब महिलाएं सामाजिक सुरक्षा व कल्याण योजनाओं के दायरे से बाहर', संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली ।** संयुक्त राष्ट्र ने एक चौंकाने वाली रिपोर्ट पेश की है। इसमें दावा किया गया है कि विश्वभर में दो अरब से अधिक महिलाओं व लड़कियों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। महिला सशक्तिकरण मामलों के लिए यूएन संस्था (यून वूमन) ने 17 अक्तूबर को ह्यअंतरराष्ट्रीय निर्धनता उन्मूलन दिवसह्व से ठीक पहले प्रकाशित एक नई रिपोर्ट में ये निष्कर्ष साझा किए।



### सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने की हो रही कोशिश

रिपोर्ट के अनुसार, साल 2015 के बाद से अब तक महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाने के लिए किए जा रहे प्रयासों में कुछ सफलता मिली है। मगर अधिकांश विकासशील देशों में इसकी कवरेज की खाई चौड़ी होती जा रही है। ऐसी योजनाओं का लाभ गैर-आनुपातिक ढंग से पुरुषों को मिल रहा है, जिससे लैंगिक समानता पर केंद्रित पांचवें टिकाऊ विकास लक्ष्य को पूरा करने के प्रयासों पर जोखिम मंडरा रहा है।

जीवन के हर चरण व आयु वर्ग में निर्धनता का सामना करने वाले लोगों में महिलाओं व लड़कियों की संख्या सबसे अधिक है।

बच्चों का लालन-पोषण करने वाले वर्षों में यह विसंगति सबसे अधिक नजर आती है। 25 से 34 वर्ष आयु वर्ग में, पुरुषों की तुलना में महिलाओं द्वारा अत्यधिक निर्धनता का सामना करने की संभावना 25 फीसदी तक अधिक होती है।

### निर्धनता से जूझ रहीं महिलाएं

जलवायु परिवर्तन और हिंसक टकराव के कारण यह असमानता बढ़ रही है। स्थायित्वपूर्ण देशों की तुलना में संवेदनशील हालात वाले क्षेत्रों में महिलाओं के अत्यधिक निर्धनता से जूझने की आशंका, साढ़े सात गुना तक अधिक होती है।

**महंगाई के कारण भोजन व ऊर्जा की कीमतों में उछाल :** 2022 के बाद से अब तक मुद्रास्फीति की ऊंची दर के कारण भोजन व ऊर्जा की कीमतों में उछाल आया है, जिसका महिलाओं पर विशेष रूप से असर हुआ है।

इसके बावजूद, 171 देशों की सरकारों द्वारा अपनाए गए एक हजार से अधिक सामाजिक सुरक्षा उपायों में, केवल 18 प्रतिशत महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा पर लक्षित हैं।

संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों के अनुसार, यह सीधे तौर पर दशार्ता है कि अक्सर लैंगिक परिप्रेक्ष्य, विशिष्ट जरूरतों और संवेदनशीलताओं को नजरअंदाज कर दिया जाता है।

**मातृत्व योजनाओं का लाभ भी नहीं ले पा रहीं 63 फीसदी महिलाएं :** एक अनुमान के अनुसार, विश्व भर में 63 फीसदी से अधिक महिलाएं मातृत्व योजनाओं के लाभ के बिना ही बच्चों को जन्म दे रही हैं।

सब-सहारा अफ्रीका में यह आंकड़ा 94 फीसदी है। मातृत्व अवकाश के दौरान वित्तीय समर्थन का अभाव है, जिससे महिलाएं आर्थिक दृष्टि से एक बड़ी चुनौती को झेलने के लिए मजबूर होती हैं।

साथ ही, उन्हें अक्सर अपने व बच्चों के स्वास्थ्य व कल्याण के साथ समझौता करना पड़ता है और निर्धनता फिर कई पीढ़ियों तक जारी रहती है।

# मत करो इतनी मस्ती, जिंदगी नहीं है सस्ती!

## 'सड़क सुरक्षा पखवाड़ा' का हुआ सफलतापूर्वक आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, परिवहन अनुभाग-3 के पत्र के द्वारा दिनांक 2 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2024 तक 'सड़क सुरक्षा पखवाड़ा' का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इसी कम में बुधवार को 'सड़क सुरक्षा पखवाड़ा' समापन कार्यक्रम काइस्ट टू डीम्ड यूनिवर्सिटी, नन्दग्राम गाजियाबाद में आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में लगभग 300 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य अतिथि गम्भीर सिंह, अपर जिलाधिकारी (नगर) गाजियाबाद द्वारा अपने सम्बोधन में उपस्थित सभी जनमानस को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी यातायात नियमों का पालन करने हेतु जानकारी दी गयी और अपने सम्बोधन में कहा गया कि सड़क सुरक्षा के बारे में नागरिकों में जागरूकता दिखायी दे रही है और ऐसे जागरूकता कार्यक्रम सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने परिवहन विभाग को इसके लिए अनेकानेक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पियूष कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) गाजियाबाद द्वारा अपने सम्बोधन में कहा गया कि सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित जानकारी को भली-भांति समझें तथा दूसरों को समझायें एवं सड़क पर वाहन चलाते समय स्वयं व दूसरों की जान की रक्षा करें तथा मार्ग पर दुर्घटना में पीड़ितों की सहायता कर गुड सेमिरेटियन बनें।

कार्यक्रम में गम्भीर सिंह, अपर जिलाधिकारी (नगर) गाजियाबाद, पियूष कुमार, अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) गाजियाबाद, राहुल श्रीवास्तव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), अमित राजान राय, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), मनोज कुमार मिश्रा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) एवं विश्वविद्यायल के प्रधानाचार्य सहित 300 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### सावधानी हटी, दुर्घटना घटी

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम के अन्त में राहुल श्रीवास्तव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) गाजियाबाद द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों से अपील की गयी कि बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन संचालित न करें, सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें एवं चार पहिया वाहन के संचालन के समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन न चलाएं। गलत दिशा में वाहन न चलाएं। तेज रफ्तार से वाहन न चलाएं। लेन ड्राइविंग नियमों का पालन करें। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहने हेतु राहुल श्रीवास्तव ने प्रेरित किया और यातायात नियमों के पालन करने की शपथ भी दिलायी गयी।

# हापुड़ अदालत में पेश हुए असदुद्दीन ओवैसी

## 3 फरवरी 2022 को हुई फायरिंग का मामला



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** कड़ी सुरक्षा के बीच असदुद्दीन ओवैसी हापुड़ कोर्ट में पहुंचे। वह एडीजे 2 की अदालत में पहुंचे। सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस बल तैनात रही। चुनावी प्रचार के दौरान साल 2022 में हुई फायरिंग के मामले में वह हापुड़ आए हैं।

पश्चिम वढ के पिलखुआ के एनएच-9 स्थित छिजारसी टोल प्लाजा पर 3 फरवरी 2022 को यह घटना हुई थी। ओवैसी मेरठ के किठौर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी प्रचार करने के बाद दिल्ली के लिए लौट रहे थे। तभी हमलावरों ने 4 राउंड फायरिंग की थी। दो बुलेट लगने से ओवैसी की कार के निचले हिस्से में छेद हो गया था। ओवैसी बाल-बाल बच गए थे। जिसके बाद मामला कोतवाली पिलखुवा में दर्ज हुआ था। पुलिस ने एक आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया था, जबकि दूसरे आरोपी ने सरेंडर किया था। तभी से ये मामला अदालत में विचाराधीन है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आजकल नहीं सुनाई दे रही है भगवा कमांडर के दोस्त पहलवान के शब्दों की पहलवानी? जो आये दिन फेसबुक पर अपने शब्दों से बनाते थे माहौल? सुना है कुछ भी नहीं सुनाई दे रहा उनके शब्दों की जुबानी? कहने वाले ने कहा पहलवान को पता है कि गेम लगभग पूरा हो चुका है, नहीं बचा है हाफ? इसलिए वो दूध की तरह फूंक-फूंक कर पी रहे हैं छाछ? नहीं दे रहे हैं वो घात लगाए हुए विरोधियों को मौका? वो जानते हैं अगर हल्का भी मामला इधर से उधर हुआ? लग जायेगा किसी का चौका?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कुछ ऐसा ही हो गया है गागर में सागर भरने वाले नागर का भी हाल? कहने वाले कह रहे हैं, उन्होंने भी अब खामोशी के सामने अपने हथियार दिये हैं डाल? पता चला है आया था उनके पास किसी बड़े चेहरे का फोन? कहा था कुछ दिनों के लिए म्यूट कर लो अपनी टोन? नाराजगी की बात किसी और दिन भी हो जायेगी साहब? अगर किसी का गलत हो गया तो फिर वो जिंदगी भर रखेगा याद? अब आप देख रहे होंगे मिस्टर नागर की फेसबुक वाली पोस्ट? नहीं सेंक रहे हैं वो उस पर गर्म वाले टोस्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर को अगर करना है मजबूती से कार्यकर्ताओं का निर्माण? तो फिर उन्हें पार्टी को अति वरिष्ठ कार्यकर्ता सुभाष शर्मा से दिलवाना होगा सबको ज्ञान? नए भगवा रंगरूटों की लगानी होगी उनके साथ जिम्मेदारी? तभी होगी एक मजबूत कार्यकर्ता की तैयारी? हमने देखा चुनाव वाली बैठक में सुभाष शर्मा जी ने संभाली थी पूरी जिम्मेदारी? अच्छा होता अगर उनके साथ कोई युवा कार्यकर्ता होता? समझता वो कि फोटो सेशन से ज्यादा पार्टी में है और भी कई जिम्मेदारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कविनगर रामलीला आयोजन रहा बहुत ही शानदार? जायसवाल जी और चौपड़ा जी ने फिर स्थापित कर दी अपनी मिसाल? कहने वाले ने कहा यहां पर हमें दो युवा चेहरों का रखना चाहिए और भी ध्यान? इन चेहरों ने पूरे मेले में हद से ज्यादा मेहनत की श्रीमान? 18 दिन के लिए छोड़ दिया अपना घर बार? समय नहीं देखा भले ही बज गये हों सुबह के चार? कहने वाले ने कहा मेहनतकश दिवाकर सिंघल और दिव्यांशु सिंघल का भी होना चाहिए विशेष रूप से सम्मान? पूरे आयोजन में इन्होंने भी अपनी मेहनत से गढ़े हैं कई कीर्तिमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको एक बात बता रहे हैं बिल्कुल राइट? अब गोयल साहब नहीं लड़ेंगे गर्ग साहब से कोई भी फाईट? सुना है दोनों के बीच में बात-चीत वाला मामला हो गया है राइट? वैसे भी भगवा गोयल साहब का है बड़े दिल वाला हिसाब? जब कोई मोहब्बत से इनसे बात करता है तो फिर वो नाराजगी का मामला खत्म कर देते हैं साहब? कुछ ऐसी ही घटी है पिछले दिनों में घटना? गर्ग साहब से सॉफ्ट हो गई है गोयल साहब की बात? सुना है जब से हुआ है कुछ ऐसा? तब से कई दिल जलों के दिल में लगी हुई है आग?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिले के सत्य को पालने वाले प्रधान के साथ कंधे से कंधा मिलाकर युवा सौम्य मावी दिखाते हैं अपनेपन का एहसास? जो भी वो पार्टी से सम्बन्धित आदेश देते हैं? उन आदेशों को सिर माथे पर रख कर पूरा करते हैं बिग मावी के छोटे भाई साहब? देखना अब ये है कि सत्य को पालने वाले प्रधान भविष्य में रखेंगे इस चेहरे का कितना ध्यान? हर किसी को तय करना है राजनीति में कोई ना कोई मुकाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के एक मजबूत दावेदार के समर्थक हो गये हैं बहुत ज्यादा साईलेंट? हम देख रहे हैं सारे समर्थक सोशल मीडिया पर नहीं लिख रहे हैं किसी भी तरह की कोई भी क्रान्तिकारी बात? कहने वाले ने कहा इन सबकी खामोशी को देखकर हमें अंदाजा हो गया है? कुछ तो बड़ा आ गया है इन दावेदार के हाथ? कहने वाले ने कहा समर्थकों ने सोच समझकर धारण की गई है शांति? पता चला है कुछ दिनों बाद आने वाली है दावेदार के पक्ष में खुशियों की बहुत बड़ी क्रान्ति?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको एक बात बता रहा हूं 100 परसेंट श्योर? अचानक ही पकड़ लिया है जायसवाल जी के नाम ने जोर? दिल्ली के गलियारों में अचानक उनके नाम को मिला है बड़ा बैकअप? ये बैकअप कर रहा है कई नामों को पैकअप? कहने वाले ने कहा मेले के बाद हो गया है कोई बहुत बड़ा खेला? हट गया है उनके सामने से कोई अच्छा खासा झमेला? कहने वाले ने कहा, अगर जायसवाल जी के पक्ष में आ जाये पार्टी का भविष्य में ऐलान? तो इस ऐलान पर ज्यादा हैरान मत होना? इस बात को हम अभी से बता रहे हैं आपको श्रीमान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि बोर्ड बैठक से एक दिन पहले ताकतवर लेडी के साथ हुई थी हैवीवेट वालों की मुलाकात? इस मुलाकात में हुई थी लगभग दो घंटे बात? सुना है हैवीवेट वाले ताकतवर मैडम के पास लेकर गये थे सीएम का कोई फरमान? फिर इस मुलाकात के बाद उनका बोर्ड बैठक में नजर आना कोई नहीं था मामला अंजान? कहने वाले ने कहा रिश्तों को साफ्ट कराने में हैवीवेट वालों ने निभाया है पूरा फर्ज? जहां आ जाती है पार्टी की बात? तब देने से नहीं चूकते हैं वो कोई भी तर्क?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपका एक बात पर ध्यान खींचना चाहते हैं यार? हरियाणा से चुनाव जीते हैं भगवा रेडफेस मैन के दो-दो रिश्तेदार? कहने वाले ने कहा अगर फंसे आपकी हरियाणा में कोई बात? तो आप बेझिझक होकर लाल चेहरे वाले यादव जी को कर लेना याद? वो एक झटके में निकाल देंगे आपकी समस्या का समाधान? क्योंकि जो दो चेहरे भाजपा से चुनाव जीते हैं? उनसे रेड फेस मैन का रिश्ता फैवीकोल के जोड़ से भी ज्यादा मजबूत है श्रीमान?

**नोट: उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## जीडीए और नगर निगम की अनदेखी से पार्क में व्याप्त हैं अनेक समस्याएं : ओमदत्त कौशिक एडवोकेट



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा राजनगर मंडल अध्यक्ष ओम दत्त कौशिक एडवोकेट ने संजयनगर स्कल्पचर पार्क की बदहाली को लेकर जीडी ए और नगर निगम अधिकारियों को समाचार पत्र के माध्यम से अवगत कराया है। पार्क में करोड़ों रुपए लगाए गए, क्या फायदा हुआ सब बेकार। लेकिन अभी तक उक्त समस्या का निराकरण नहीं हुआ है। पार्क के अंदर आवारा कुत्ते घूमते हैं जिससे घूमने वाले बुजुर्ग एवं छोटे बच्चों को कुत्तों के काटने का डर सताता रहता है। बच्चे साइकिल चलाते हैं, बैडमिंटन खेलते हैं, पेड़-पौधों को नुकसान पहुंचाते हैं। पार्क की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि पार्क में जो मूर्तियां लगी हैं वह टूटने की कगार पर हैं। पार्क का जो मैन गेट है, उस पर जो पत्थर लगे हुए हैं वह भी सब उखड़ रहे हैं। ओम दत्त कौशिक ने कहा कि पार्क में गार्ड की व्यवस्था नहीं है। अगर जीडीए या नगर निगम उस पार्क के सौंदर्यीकरण के लिए गंभीरता के साथ ठोस कदम उठाए तो पार्क के साथ- साथ स्थानीय लोगों की समस्या का निस्तारण हो जाए। ओम दत्त कौशिक ने कहा कि शाम होते ही पार्क में अंधेरा हो जाता है, लाइट की व्यवस्था भी नहीं है। नशे का सेवन करने वाले लोग भी इधर-उधर घूमते रहते हैं जिससे स्थानीय लोग बहुत ही परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही उक्त समस्या को लेकर महापौर से मुलाकात करेंगे और नगरायुक्त को भी समस्या के संबंध में अवगत कराएंगे।

# अभ्युदय योजना में निगम नूर नगर सिहानी तथा मधुबन बापूधाम के स्कूल को बना रहा है स्मार्ट

## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने किया औचक निरीक्षण, अधिकारियों की लगी क्लास







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा निरीक्षण के क्रम में अभ्युदया योजना के अंतर्गत स्कूलों के चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निर्माण विभाग टीम के साथ मधुबन बापूधाम गोविंदपुरम, नूर नगर सिहानी स्थित सरकारी स्कूल का जायजा लिया गया तथा कार्यों में विलंब होते देखा 15 दिन के भीतर कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए, मौके पर मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, सहायक अभियंता निर्माण अनूप शर्मा तथा सिटी जोन की जे ई प्रीति बंसल उपस्थिति रही। नगर आयुक्त द्वारा सिटी जोन जोन नूर नगर सिहानी स्थित स्कूल का जायजा लिया जिसमें वहां पर उपस्थित अध्यापिकाओं से भी वार्ता की स्कूल को अभ्युदया कंपोजिट विद्यालय बनाई जाने पर प्रशंसा जाहिर की गई तथा आधुनिक तकनीकी से बनाए जा रहे स्कूल का लाभ विद्यार्थियों में स्टाफ को मिलेगा धन्यवाद किया गया। नगर आयुक्त द्वारा अभ्युदय योजना के अंतर्गत स्कूल के अंदर बनने वाले साइंस लैब, स्मार्ट क्लास, बैडमिंटन कोर्ट, स्टाफ रूम, कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी के कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी का जायजा लिया।

### 15 दिन के भीतर स्कूलों का कार्य हो पूर्ण, शुरू कराएं स्मार्ट क्लास : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** मुख्य अभियंता निर्माण को नगर आयुक्त द्वारा 15 दिन के भीतर सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही संबंधित फर्म के ठेकेदार को भी तेजी से कार्य करने की लिए कहा गया। अभ्युदय योजना के क्रम में नूर नगर सिहानी स्थित स्कूल जो की 1 करोड़ 44 लाख की लागत से स्मार्ट बनाया जा रहा है। मधुबन बापूधाम गोविंदपुरम स्थित स्कूल जो कि लगभग 1 करोड़ 50 लाख की लागत से स्मार्ट बनाया जा रहा है जिसको बनाने का समय पूर्ण होने पर नगर आयुक्त द्वारा संबंधित फर्म को कड़े निर्देश जारी करने के लिए आवेशित किया गया। स्कूलों में विशेष रूप से बेंच की व्यवस्था लाइट की व्यवस्था तथा शौचालयों की व्यवस्था को बेहतर करने के लिए निर्देश दिए गए।

# वार्डों में चल रहे विकास कार्यों की नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने की जांच

## 4 करोड़ की लागत से पांचों जोन में चल रहे हैं पैचवर्क का नगर आयुक्त ने टीम सहित किया स्थलीय निरीक्षण

### शहर के विकास में क्षेत्रीय नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका : नगर आयुक्त

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम द्वारा निरंतर शहर के अंदर वार्ड कोटे से विकास कार्य कराए जा रहे हैं जिसका नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा स्थलीय निरीक्षण करते हुए जायजा लिया। चल रहे सड़क निर्माण की जांच की गई। मौके पर निर्माण विभाग की टीम उपस्थित रही।

वसुंधरा जोन के अवर अभियंता संजय गंगवार, टेक्निकल सुपरवाइजर दीपक शर्मा व अन्य उपस्थित रहे। मुख्य अभियंता निर्माण एनके चौधरी द्वारा बताया गया शहर में महापौर तथा नगर आयुक्त के निर्देश पर वार्ड कोटे के कार्य कराए जा रहे हैं। कार्य समय से और गुणवत्तापूर्वक हों इसके लिए लगातार अधिकारियों द्वारा भी निरीक्षण किया जा रहा है। वसुंधरा सेक्टर 16 वार्ड संख्या 36 वार्ता लोक वार्ड संख्या 61 की सड़क का स्वयं नगर आयुक्त ने जायजा लिया। इसी क्रम में नगर आयुक्त द्वारा चल रही पैच वर्क का भी निरीक्षण किया गया तथा रफ्तार से कार्य करने के लिए निर्देश दिए। गाजियाबाद नगर निगम निर्माण विभाग द्वारा लगभग 4 करोड़ की लागत से पांचों जोन में पैच वर्क का कार्य तेजी से कराया जा रहा है।





### सड़क निर्माण पर वसुंधरा निवासियों ने निगम का किया धन्यवाद

**करंट क्राइम।** वसुंधरा जोन में वार्डों के निरीक्षण के समय नगर आयुक्त द्वारा क्षेत्रीय निवासियों से भी वार्ता की गई। चल रहे निर्माण कार्यों के लिए क्षेत्रीय निवासियों द्वारा भी सराहा गया। सड़कों की गुणवत्तापूर्वक निर्माण पर गाजियाबाद नगर निगम का धन्यवाद किया गया। मौके पर आरडब्ल्यूए पदाधिकारी व आसपास के निवासियों ने नगर आयुक्त से मुलाकात की। नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित निवासियों का मनोबल बढ़ाते हुए उनके द्वारा समय से दिए जाने वाले हाउस टैक्स की प्रशंसा भी की गई तथा जन सहयोग से विकास कार्य संभव है चर्चा की गई। शहर के विकास में नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका नगर आयुक्त द्वारा बताई गई।

# डॉ. उदिता त्यागी ने हरिद्वार में सन्त समाज को आगे आने का आह्वान किया

### महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी के बयानों पर गहन शोध की आवश्यकता : श्रीमहंत स्वामी हरि गिरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अस्तित्व के संकट से जूझ रहे शिवशक्ति धाम डासना के पीठाधीश्वर व श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज को आज अभूतपूर्व समर्थन मिला। यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महामंत्री डॉ. उदिता त्यागी ने बुधवार को हरिद्वार में श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरि गिरी महाराज को शिवशक्ति धाम डासना में चल रहे वर्तमान प्रकरण के विषय में चर्चा की। श्रीमहंत हरि गिरी महाराज ही महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज के गुरु हैं। डॉ. उदिता त्यागी ने हरिद्वार के सन्त समाज से महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज का समर्थन करने का निवेदन किया।

श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी महाराज के बयानों की सत्यता की जांच के लिए बनाएगा आंतरिक कमेटी : डॉ. उदिता त्यागी से विषय की सम्पूर्ण जानकारी लेकर श्रीमहंत हरि गिरी जी महाराज ने कहा कि महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी ने जो भी कहा है, उसको लेकर एक गहन शोध होना चाहिए। सम्पूर्ण विश्व को सत्य का पता चलेगा और भ्रम की स्थिति दूर होगी। अगर महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी की बातें असत्य और तथ्यविहीन पाई जाती हैं तो हम भी उनके लिए कड़ी से कड़ी सजा का अनुमोदन करेंगे। परन्तु अगर उनकी बातों में सत्यता निकलती है तो सम्पूर्ण संत समाज अपनी पूरी शक्ति के साथ उनका साथ देने को विवश होगा। सम्पूर्ण संत समाज सनातन धर्म के अस्तित्व को लेकर चिंतित है। उन्होंने यह भी कहा कि शिवशक्ति धाम डासना की पंचायत की इस मांग का समर्थन हिंदुओं और मुसलमानों के सभी धर्मगुरुओं को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा अपने स्तर पर भी एक कमेटी बनाएगा जो महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी की इस्लाम सम्बन्धी वक्तव्य की गहन जांच करेगी और यह तय करेगी कि श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े की इस विषय मे क्या रणनीति होगी।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ये एक पल है जो अपने आप में कई खुशियों को समेटे हुए है। ये सीनियर का जूनियर के लिए लगाव भी है। ये स्नेह के रिश्तों का एक खिताब भी है। वरिष्ठ अधिवक्ता शबाना जैदी की जूनियर की एंगेजमेंट हुई तो इस खुशी को, अपने लगाव को उन्होंने इस अंदाज में फेसबुक पर साझा किया। दुआओं खुशियों और अपनेपन से लबरेज यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।